


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 135

ग्वालियर, सोमवार , 5 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## संक्षिप्त खबर



महानायक अमिताभ बच्चन ने फैंस को कोरोना के खिलाफ किया खबरदार

### दरवाजे खिड़कियां सब बंद कर दो...

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस का कहर फिलहाल भले कम हो गया हो, लेकिन इसके फैलने का खतरा अभी भी जारी है। ऐसे में सरकार ने सभी लोगों को सावधानियां बरतने की अपील की है। वहीं फिल्मी सितारे भी किसी न किसी तरह अपने फैंस और लोगों को कोरोना वायरस से बचने के लिए सावधानियां बरतने की अपील कर रहे हैं। इसमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी हैं। अमिताभ बच्चन ने एक बार फिर से अपने फैंस से कोरोना वायरस से सावधान रहने और जरूरी एहतियातन बरतने की अपील की है। उन्होंने एक कविता के जरिए फैंस से यह अपील की है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर एक कविता साझा की है। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। अपने फैंस के लिए खास तस्वीरें और वीडियो भी साझा करते रहते हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा, सुनो सुनो ऐ दुनिया वालों, ये वायरस घर ढूंढ रहा है और उसका घर है इंसान के फेफड़े, लंग्स !!! खबरदार ! दरवाजे खिड़कियां सब बंद कर दो !!! घर में घुसने न दो उसे ! मास्क पहनो, और दूरी बनाए रखो दूसरों से, भीड़ से, पार्टी से !! और हां, हाथ-वाथ धोते रहना बराबर ! ओके ! सोशल मीडिया पर अमिताभ बच्चन का यह ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है।

### गुरदासपुर के बटाला में प्रेम प्रसंग को लेकर फायरिंग, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत; दो गंभीर

**गुरदासपुर।** पाकिस्तान की सीमा से सटे गुरदासपुर जिले के बटाला में प्रेम प्रसंग को लेकर लड़की के घरवालों ने लड़के के परिवार वालों पर हमला कर दिया। मामला इतना बढ़ गया कि फायरिंग शुरू हो गई। फायरिंग में लड़के पक्ष के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को पहले बटाला सिविल अस्पताल और फिर अमृतसर रेफर कर दिया गया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी में रखवा दिया गया है। मौके पर पुलिस पहुंच गई है। दरअसल, रविवार सुबह गांव बल्लरवाल का प्रेमी जोड़ा घर से फरार हो गया। हालांकि बाद में वे दोनों वापस आ गए। इससे गुस्साए लड़की के परिवार वालों ने खेत में काम कर रहे लड़के के परिवार वालों पर हमला बोल दिया और भगा भगाकर पिस्तौल से गोलियां मारकर एक ही परिवार के चार सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। फायरिंग में दो युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पहले सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती करवाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अमृतसर में रेफर कर दिया गया।

राज्यपाल ने दिलाई शपथ

## उत्तराखंड के सबसे कम उम्र के CM बने पुष्कर धामी

**देहरादून।** खटीमा विधायक पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ 11 वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की। बता दें, इससे पहले शनिवार को भाजपा विधायक दल का



नेता चुने जाने के बाद धामी ने पार्टी नेताओं के साथ राजभवन जाकर राज्यपाल बेबी रानी मौर्य से मुलाकात की और उन्हें सरकार बनाने संबंधी प्रस्ताव सौंपा।

#### ये है धामी मंत्रिमंडल

सतपाल महाराज, डॉ. हरक सिंह रावत, बंशीधर भगत, यशपाल आर्य, बिशन सिंह चुफाल, सुबोध उनियाल, अरविंद पांडेय,

### युवाओं के बीच कर रहा हूं काम, अच्छे से समझता हूं उनके मुद्दे

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, मैं युवाओं के बीच काम कर रहा हूं और उनके मुद्दों को अच्छी तरह समझता हूं। कोविड ने उनकी आजीविका को प्रभावित किया है। हम उनके लिए स्थिति को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे और राज्य में रिक्त पदों पर युवाओं को नियुक्त करने का प्रयास करेंगे।

देश के वैज्ञानिकों ने जताई आशंका

# अक्टूबर-नवंबर में भारत में पीक पर पहुंच सकती है कोरोना की तीसरी लहर

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** देश में कोरोना की दूसरी लहर की रफ्तार धीमी होने के बीच तीसरी लहर आने की आशंका भी जताई जा रही है। देश के कुछ वैज्ञानिकों ने अक्टूबर-नवंबर में भारत मे कोरोना की तीसरी लहर के पीक पर पहुंचने की संभावना जताई है। देश में कोरोना के मामलों पर नजर रखने वाले एक सरकारी पैनल के वैज्ञानिकों के मुताबिक, अगर कोरोना से जुड़ी सावधानियां ना बरती गईं तो कोरोना की तीसरी लहर अक्टूबर-नवंबर के बीच अपने पीक यानि चरम पर पहुंच सकती है। हालांकि, उन्होंने एक राहत भरी बात ये कही है कि इस दौरान दूसरी लहर में नए मामलों की तुलना में तीसरी लहर में नए मामले आधे रह सकते हैं।






### कितने मामले आ सकते हैं ?

तीसरी लहर अक्टूबर और नवंबर के बीच अपने चरम पर पहुंच सकती है। इसमें 1,50,000 से 2,00,000 के बीच मामले बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि तीसरी लहर के दौरान अस्पताल में भर्ती होने के मामले कम हो सकते है। हालांकि, उन्होंने इस दौरान कोरोना के नए वैरिएंट के खतरे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अगर इस दौरान कोई नया घातक कोरोना वैरिएंट सामने आता है तो तीसरी लहर तेजी से फैल सकती है।

### IIT कानपुर के प्रोफेसर का आकलन

आइआइटी कानपुर के प्रो.मणींद्र अग्रवाल ने गणितीय माडल सूत्र से कोरोना की तीसरी लहर की शुरुआत का आंकलन किया है। उनके मुताबिक, कोरोना की तीसरी लहर में अक्टूबर के पहले सप्ताह से केस बढ़ने की आशंका है। उनके मुताबिक, एक नवंबर से संक्रमण की रफ्तार काफी तेज हो सकती है जबकि 15 नवंबर तक संक्रमितों का ग्राफ नीचे आने लगेगा। उनका दावा है कि तीसरी लहर दूसरी से ज्यादा खतरनाक नहीं होगी, लेकिन शारीरिक दूरी का पालन ना, मास्क न पहनना और वायरस का रूप बदलकर हमला करना घातक हो सकता है। उनके आकलन के मुताबिक नवंबर की शुरूआत में देश में रोजाना 1.80 लाख केस आएंगे। प्रो. अग्रवाल ने पहली और दूसरी लहर का सटीक आकलन किया था।

## नई सुविधा : ट्रेनों में एसी का सफर जल्द होगा सस्ता



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे इस वर्ष कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा के लिए सस्ते किराए वाले इकोनॉमी एसी-3 टियर कोच लगाने की तैयारी कर रहा है। जैसे-जैसे कोच तैयार होते जाएंगे, वैसे-वैसे ट्रेनों में लगना शुरू हो जाएंगे। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार सबसे अधिक कोच इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। रेलवे मंत्रालय, यात्रियों को सस्ते किराए में एसी क्लास में सफर कराने के लिए ये सब कर रहा है। इसके लिए इकोनॉमी एसी 3 टियर कोच तैयार कराए जा रहे हैं। ये कोच सामान्य एसी 3 टियर कोच जैसे ही होंगे।

#### कुछ कोचों के साथ शुरुआत हो चुकी

योजना के तहत कुछ कोच तैयार कर ट्रेन में लगाने की शुरुआत हो चुकी है। अब वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 806 कोच तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में 344, रेल कोच फैक्ट्री में 177 और मॉडर्न कोच फैक्ट्री में 285 कोच बनाए जा रहे हैं। बोर्ड के अधिकारी के अनुसार मार्च 2022 तक सभी कोच ट्रेनों में लगा दिए जाएंगे। इसके अलावा बोर्ड से स्वीकृति के बाद और भी इकोनॉमी एसी कोच बनाए जाएंगे।

#### एक कोच में 72 की जगह अब 83 बर्थ होंगी

इन कोचों में सामान्य एसी 3 टियर कोच की तुलना में सफर सस्ता होगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इकोनॉमी एसी कोच में बर्थ की संख्या अधिक है। सामान्य एसी 3 टियर कोच में 72 बर्थ होती हैं, जबकि नए कोच में 11 अधिक यानि 83 बर्थ होंगी। इसके लिए रेलवे ने सीटों के बीच का गैप थोड़ा कम कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार गैप कम होने से यात्रियों को असुविधा नहीं होगी। इसके अलावा साइड की बर्थ की लंबाई पहले जैसी ही रखी गई है।

#### ये मिलेंगी सुविधाएं

इकोनॉमी एसी 3 टियर कोच में रीडिंग के लिए पर्सनल लाइट, एसी वेंट्स, यूएसबी प्वाइंट मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, ऊपरी बर्थ पर चढ़ने के लिए बेहतर सीढ़ी खास तरह का नाश्ता टेबल, टॉयलेट में फुट ऑपरेटिंग टैब लगाए गए।

## कहीं भारी बारिश तो कहीं तेज हवाएं, कई जगहों पर मौसम विभाग का अलर्ट जारी



**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी**

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत के मैदानी एवं पर्वतीय इलाकों के लोगों को अब लू से राहत मिली है क्योंकि यहां पर लू का असर कम देखने को मिल रहा है। आने वाले 5 दिनों तक चलने वाली लू में विराम देखने को मिलेगा। वहीं बिहार की अगर बात करें तो यहां का मौसम काफी रंगीन नजर आ रहा है बारिश के चलते मौसम ठंडा और खुशनुमा बना हुआ है। पूर्वी यूपी में भी थोड़े-थोड़े समय में बादल बरस रहे हैं, जिससे लोगों को भी राहत मिल रही है। दिल्ली के वासी काफी समय से दिल्ली में मानसून के आगमन का इंतजार कर रहे थे। बीते दो दिनों में हुई यहां पर हल्की बारिश ने इनके इंतजार को खत्म कर राहत की सांस दी है। शनिवार को मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले 5 दिन तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना जताई है। इसके पहले भी आईएमडी ने 1 से 2 जुलाई को लू चलने का अलर्ट भी जारी किया था और बाद में लू के असर को कम भी बताया था ठीक मौसम का व्यवहार भी इसी तरह देखने को मिला। वहीं शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के असर से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी यूपी के आस-पास के हिस्सों में अच्छी खासी बारिश देखने को मिली। जिस कारण लोगों को लू से राहत मिली है।

दिल्ली में तपन के कारण वहां के लोग काफी समय से बारिश का इंतजार कर रहे थे। वहीं शनिवार को दूसरे दिन शाम को हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है साथ ही तापमान में भी गिरावट देखने को मिली जिससे मौसम खुशनुमा दिखा। बता दें कि दिल्ली में शनिवार को लगातार दूसरे दिन शाम को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे मौसम काफी सुहावना नजर आया। ऐसा माना जा रहा है कि रविवार को भी यहां हल्की बारिश के साथ तेज हवा चल सकती है। अरब सागर से दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के साथ आर्द्रता में बढ़ोत्तरी होने के कारण अगले पांच दिनों के दौरान मौसम असुविधाजनक बना रहेगा। पिछले दो दिन में दिल्ली समेत कई जगहों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार चला गया था। जिस वजह से लोगो को तेज गर्मी के साथ उमस का सामना भी करना पड़ा लेकिन हल्की बारिश और तेज हवाओं ने यहां के लोगो को राहत पहुंचाई है।

### इन जगहों पर हुआ अलर्ट जारी

उत्तरी बिहार में कुछ जगहों पर बड़ी तेज बारिश दर्ज की गई है जबकि सूबे के अधिकांश भाग में पिछले 24 घंटे में हल्की बारिश से मध्यम बारिश हुई है। सांख्यिकीय गणना और उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की ओर से बताया गया है कि अब तक राज्य के उत्तर बिहार की ओर बारिश की स्थिति मजबूत थी। अब राज्य के शेष भाग में भी बारिश और वज्रपात की परिस्थितियां बन रही हैं। इसे देखते हुए अगले 48 घंटे में राज्य के सभी जिलों के लिए बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण पश्चिम बिहार और उत्तर बिहार के कुछ जिलों में बारिश और वज्रपात की तीव्रता ज्यादा रहेगी। इसलिए 10 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

#### यहां होगी भारी बारिश से लेकर हल्की बारिश

4 जुलाई 2021 का मौसम हाल देखें तो बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा, असम, मेघालय, पूर्वी यूपी और तमिलनाडु में आज भारी बारिश से लेकर हल्की बारिश होने की आशंका है।

#### भारी से हल्की और मध्यम बारिश यहां होगी

5 जुलाई 2021 का मौसम हाल पर एक नजर डालें तो बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक में भारी बारिश से हल्की और मध्यम बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है।

## फिलीपींस में विमान हादसा :85 सैनिकों को ले जा रहा मिलिट्री का प्लेन लैंडिंग के दौरान क्रैश, 17 की मौत

**फिलीपींस**

फिलीपींस में 85 सैनिकों को लेकर जा रहा एक मिलिट्री प्लेन रविवार को क्रैश हो गया। प्लेन ने कागायन डी ओरो सिटी से उड़ान भरी थी। आर्मी चीफ जनरल सिरिलिटो सोबेजाना ने रॉयटर्स को बताया कि सी-130 प्लेन में आग लग गई थी। हादसे में 17 सैनिकों की मौत हो गई है। हालांकि इसमें सवार 40 सैनिकों को बचा लिया गया है। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे के वक्त प्लेन को सुलु राज्य के जोलो आइलैंड पर लैंड कराने की कोशिश की जा रही थी। सोबेजाना ने बताया कि राहत और बचाव दल के लोग मौके पर पहुंच चुके हैं। हम भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि हादसे में कम से कम लोगों को नुकसान पहुंचा हो।



### आइलैंड्स में एक्टिव है अबु सैय्यफ आतंकी संगठन

प्लेन में मौजूद ज्यादातर सैनिकों ने हाल ही में बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग ली थी। इन लोगों को आतंकी गतिविधियों के लिए मशहूर आइलैंड्स पर तैनात किया जाना था। फिलीपींस के इन आइलैंड्स पर मुस्लिम आबादी बहुसंख्यक है। यहां फिरौती के लिए किसी का अपहरण होना आम बात है, इसलिए हमेशा बड़ी तादाद में सैनिक तैनात रहते हैं। ये इलाका दक्षिणी फिलीपींस में आता है। यहां अबु सैय्यफ नामक आतंकी संगठन एक्टिव है।

वरमाला के बाद हाथ थामे खड़े थे दूल्हा-दुल्हन

## इस बात से नाखुश मां ने वर को चप्पलों से पीटा



**हमीरपुर।** यूपी में हमीरपुर जिले के भरुआसुमेरपुर में पुत्र के अंतर्जातीय विवाह से नाखुश दूल्हे की मां ने जयमाला के समय स्टेज पर चढ़कर दूल्हे की चप्पलों से पिटाई कर दी। इससे शादी समारोह में हड़कंप मच गया। किसी तरह से नाराज मां को समारोह से बाहर कर शादी की अन्य रस्में आनन-फानन में निपटाई गईं। यह घटना सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। कस्बे के शिवानी पैलेस के पीछे रहने वाले उमेशचंद्र ने पड़ोसी अंकिता गौतम से विगत दिवस कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद उन्होंने अंकिता को अपने साथ रख लिया। लेकिन इस कोर्ट मैरिज से उमेशचंद्र के मां-बाप व भाई खुश नहीं थे। बिटिया के कोर्ट मैरिज कर लेने पर अंकिता के पिता ने धूमधाम से शादी करने का निर्णय लिया और तीन जुलाई को शादी की तारीख तय कर हमीरपुर कस्बे के एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम रख दिया। इस शादी के कार्ड भी नाते-रिश्तेदारों के साथ अन्य परिचितों को बांटे गए थे।







# जो दूसरों का दर्द समझें वह होते हैं धरती के भगवान: पूर्व प्रांतपाल अशोक ठाकुर

## प्राकृतिक पर्यावरण निर्माण में लायन्स क्लब सेन्ट्रल का अहम योगदान: कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

### जो दूसरों का दर्द समझें वह होते हैं धरती के भगवान: पूर्व प्रांतपाल अशोक ठाकुर

### लायन्स व लायनेस क्लब शिवपुरी सेंट्रल ने धरती के भगवान कार्य म के तहत किया डॉक्टर्स का सम्मान

शिवपुरी। सेवा और परोपकार के कार्य करने में भले ही समाजसेवी संस्था आगे रहीं हो लेकिन लायन्स क्लब शिवपुरी सेन्ट्रल द्वारा मशीन ऑक्सीजन को दूर कर प्राकृतिक पर्यावरण का निर्माण करने में अपना अहम योगदान है जिसका प्रमाण है कि प्रतिवर्ष सेवा कार्यकाल की शुरूआत ही पौधरोपण के साथ होती है जिसमें संस्था के द्वारा रोपे गए पौधे मशीन ऑक्सीजन को दूर कर प्राकृतिक ऑक्सीजन प्रदाय कर रहे है जो कि वाकई अनुकरणीय है और इससे अन्य लोग भी प्रेरित होते है, धरती के भगवान डाक्टर्स का सम्मान कार्यक्रम भी इसी का प्रतीकस्वरूप यह कार्यक्रम है जिसमें चिकित्स्कों का सम्मान कर




उनका मनोबल बढ़ाया जा रहा है। उक्त उद्गार प्रकट किए जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने जो स्थानीय होटल स्टार गोल्ड मैरिज हाउस परिसर में समाजसेवी संस्था लायन्स व लायनेस क्लब शिवपुरी सेन्ट्रल द्वारा आयोजित धरती के भगवान डाक्टर का सम्मान कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पूर्व प्रांतपाल ला.अशोक ठाकुर के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जो दूसरों का दर्द समझें वह होते है भगवान, और हमने प्रांतपाल के आह्वान पर ही धरती के भगवान डाक्टर का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर चिकित्सकों का सम्मान कर इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया है। इस दौरान मंच पर लायन्स व लायनेस क्लब शिवपुरी सेन्ट्रल के सत्र 2021-22 के नवीन अध्यक्ष ला.विनोद शर्मा, सचिव ला.सुधांशु भार्गव, कोषाध्यक्ष निवृत्तमान व पुनः निर्वाचित शैंकी अग्रवाल मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम पूर्व प्रांतपाल ला.अशोक ठाकुर ने नवीन सत्र 2021-22 के अध्यक्ष विनोद शर्मा और सचिव लायन सुधांशु भार्गव को ओर कोषाध्यक्ष लायन शेंकी अग्रवाल को कॉलर पहनाकर सत्र का शुभांरभ कराया तत्पश्चात डॉक्टर्स के सम्मान का सिलसिला प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में धवज वंदना का वाचन डॉक्टर प्रियंका गर्ग ने किया। सम्मान पत्र का वाचन सुमधुर स्वर में लायन संजय गौतम द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम का शानदार संचालन क्लब की प्रियंका शर्मा और प्रियंवदा भार्गव ने बहुत ही रोचक और गरिमामय तरीके से किया।

### धरती के भगवान डाक्टर का सम्मान कार्यक्रम में इन चिकित्सकों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम धरती के भगवान डाक्टर का सम्मान में जिन चिकित्सकों का लायन्स व लायनेस क्लब शिवपुरी सेन्ट्रल द्वारा सम्मानित किया गया उनमें डॉ.रीतेश यादव, डॉ.गिरीश चतुर्वेदी, डॉ.दिनेश राजपूत, डॉ.राजकुमार ऋ षिश्वर, डॉ.संजय ऋ षिश्वर, डॉ.प्रीति निगोतिया, डॉ.रुचि गुप्ता, डॉ.जी डी अग्रवाल,डॉ. रत्नेश जैन,डॉ. डी के बंसल, डॉ.सी पी गोयल,डॉ.पी.डी.गुप्ता, डॉ.एस के पुराणिक, डॉ. दुष्यंत दुबे, डॉ.श्रीमती कल्पना बंसल, डॉ.श्रीमती अलका त्रिवेदी बीएमओ कोलारस, डॉ.श्रीमती सुनीता गुप्ता, डॉ.श्रीमती प्रियंका गर्ग, डॉ.शिल्पा सूपेकर और डॉ.सुरभि का सम्मान संस्था के द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के एरिया एंबेसडर डॉ.भगवत बंसल और पूर्व रीजन चेयर पर्सन डॉ.शैलेंद्र गुप्ता का सम्मान किया गया। अंत में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों डॉ.ए.एल शर्मा सीएमएचओ, डॉ.पवन जैन सीएमएचओ और ग्वालियर से पधारी उनकी धर्मपत्नी डॉ.अर्चना अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. अक्षय निगम का भी सम्मान पूरे जोश से किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में लायंस क्लब सेंट्रल के जोन चेयर पर्सन लायन भारत त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष संजय गौतम, लायन एस.एन.उपाध्याय, लायन अशोक रंगढ़, लायन रामशरण अग्रवाल, लायन अमित गुप्ता, लायन राजीव भाटिया, लायन ओ.पी.गोयल, लायन जय कुमार जैन, लायन मृणाल सुपेकर, लायन कमल गर्ग, लायन अतुल जैन, लायन संजीव ढींगरा, लायन धर्मेंद्र जैन आदि उपस्थित रहे। लायंस क्लब साउथ के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश गुप्ता और लायन महिपाल अरोरा भी कार्यक्रम में शमिल हुए।

# विद्युत, संपत्ति कर एवं जल कर के प्रकरणों में नेशनल लोक अदालत में मिलेगी छूट

शिवपुरी ब्यूरो

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 10 जुलाई (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों, नगर पालिका निगम तथा नगर पालिका परिषद/ नगर परिषद के संपत्ति कर एवं जलकर संबंधी प्रकरण, जोकि न्यायालय के समक्ष लंबित है अथवा वादपूर्व प्रकरण के निराकरण में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है।

## विद्युत प्रकरणों के संबंध में छूट

विद्युत संबंधी प्रकरणों विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 10 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों में निम्न दाव श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 05 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 एच.पी. भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को निम्नानुसार छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धी दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिकर छूट दी जाएगी।

## संपत्ति कर/जलकर के संबंध में-

ऐसे पक्षकार जोकि सम्पत्तिकर तथा जलकर के प्रकरणों में प्रदान की जा रही छूट का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं अथवा छूट के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहते है, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय, शिवपुरी में सम्पर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही धारा 138 के अंतर्गत चैक अनादरण के मामलों में प्रथम या द्वितीय उपस्थिति में यदि समन किया जाता है तो नियमानुसार लगने वाला 10 प्रतिशत समन शुल्क, अधिरोपित नहीं किया जाएगा। साथ ही तृतीय उपस्थिति की स्थिति में 10 प्रतिशत समन शुल्क के स्थान पर उसे शिथिल कर कम किया जाकर, संबंधित पक्षकारों को लाभ प्रदान किया जावेगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत में निराकृत

## राज्यमंत्री श्री राठखेड़ा आज आदर्श गौशाला के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे

**शिवपुरी ब्यूरो।** लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा 4 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत परिच्छा में 149.45 लाख की लागत से स्वीकृत आदर्श गौशाला के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके उपरांत पोहरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आईटीबीपी प्रांगण में डीआईजी के निर्देशन में किया गया वृहद पोधरोपण कार्यक्रम



शिवपुरी ब्यूरो

शहर के एबी रोड़ स्थित आईटीबीपी परिसर में हरित वातावरण के उद्देश्य से संस्थान के डीआईजी रघुवीर सिंह वत्स के निर्देशन में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के अधिकारियों के परिजनों महिलाओं, बच्चों ने भाग लिया। यहां विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधों को रोपा गया जबकि इन सभी को उत्साहवर्धन को लेकर अपने संबोधन में डीआईजी रघुवीर सिंह वक्त ने कहा कि इस वर्ष आईटीबीपी संस्थान के द्वारा करैरा और शिवपुरी ट्रेनिंग सेंटर में 11000 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें जो भी जहां भी पौधरोपण कर रहा है उसकी देखभाल की जाए, केवल पौधा रोपण करने से कोई फायदा नहीं है जब तक कि आप उस पौधे को लगभग 03 वर्ष का नहीं कर देते तब तक पौधरोपण का कोई फायदा नहीं है। इसके साथ-साथ आईटीबीपी संस्थान करैरा व शिवपुरी को हरित वातावरण में निर्मित करने के लिए यहां संकल्प लिया गया। यहां पौधरोपण कार्यक्रम में संस्थान के द्वितीय कमान जे.एच.मेश्राम, उपसेनानी मनोज सचान, अमित कुमार गुप्ता, संजय कुमार सिंह, सहायक सेनानी आनन्द दीक्षित, सुकर्मपाल, निरीक्षक/दूरसंचार रमेशचन्द्र, देवीप्रसाद, स्वदेश सिंह राठौड़, कैलाशचंद मीणा, संजीव टी.एम.उपनिरीक्षक/दू.सं.सुदर्शन सिंह रावत, के.के.तिवारी, कैलश उप्रेती, सउनि/दूसं आशीष गौतम, यादवेन्द्र सिंह, महावीर सिंह एवं प्रतिपाल सिंह आदि ने

# सिंध नदी में टूबने से दो सगे भाईयों की मौत

## परिवार के साथ सिंध नदी स्थित नरवर स्थित टपकेश्वर पर मना रहे पिकनिक

शिवपुरी ब्यूरो

नरवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंध नदी स्थित कल्याणपुर घाट के पास स्थित टपकेश्वर स्थान पर पिकनिक मनाने गए शिवपुरी दो युवकों की पैर फिसलने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवकों नदी से बाहर निकाल कर पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया हैं।

जानकारी के अनुसार पुरानी शिवपुरी निवासी जुवेद खांन, तोहिव खान अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने गए हुए थे। तभी सिंध नदी में नहाते समय तोहिव का पैर फिसल गया और उसकी नाक में चोट लग गई इस कारण वह बेहोश हो गया भाई को बचाने के लिए जुवेद खांन भी नदी में कूंद गया और तोहिव को बचाने के फेर में दोनों युवक पानी के बाहव बह गए और इस बात की जानकारी परिजनों को लगी तो उन्होंने ने तत्काल नरवर पुलिस को सूचना दी। जिस पर घटना की जानकारी लगते हुए तत्काल पुलिसने मौके पर पहुंची और नदी में बहे दोनों युवकों को रेसक्यु करके तत्काल बाहर निकाल कर उन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरवर पहुंचाया गया, लेकिन तब तक दो युवकों की दम टूट चुकी थी। जहां चिकित्सकों ने उन्हें देखते से ही मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि जुबेद खान, तोहित खांन पुत्र सगीर खांन पुरानी शिवपुरी के निवासी बताए गए हैं।





## संक्षिप्त समाचार

### कट्टे की नोंक पर पेट्रोल पम्प कर्मचारी से साढ़े 3 लाख की लूट

**शिवपुरी ब्यूरो।** अमोलपठा नरवर रोड़ पर शेरगढ गांव के पास एक पेट्रोल पम्प कर्मचारी से बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने मारपीट कर उससे साढ़े 3 लाख रूपए छीन लिए। उक्त कर्मचारी रकम जमा कराने नरवर जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमोलपठा पेट्रोल पम्प का एक कर्मचारी आज लगभग साढ़े 3 लाख रूपए लेकर बैंक में जमा कराने जा रहा था, तभी शेरगढ़ गांव के पास बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने उसे रोककर उससे मारपीट की और उसके पास मौजूद साढे 3 लाख रूपए से भरा बैग छीनकर भाग गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और उसने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### करंट लगने से एक भाई की मौत

**शिवपुरी ब्यूरो।** नरवर के पास स्थित ग्राम काला पहाड़ी में खेत पर बोर की मोटर चालू करने के दौरान दो चचेरे भाईयों को करंट लग गया। जिससे एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि उपेंद्र पुत्र बल्ली रजक उम्र 18 वर्ष अपने चचेरे भाई गजेंद्र के साथ कल दोपहर खेत पर बोर चालू करने गया था। इसी दौरान उपेंद्र को तेज करंट लगा और जब उसके भाई गजेंद्र ने उसे बचाने की कोशिश की तो वह भी करंट की गिरफ्त में आ गया। मौके पर ही उपेंद्र ने दम तोड़ दिया, जबकि गजेंद्र को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### जमीन पर धान की खेती करने की अनुमति देने वाले किसान के साथ हुई धोखाधड़ी

**शिवपुरी ब्यूरो।** मगरौनी चौकी पुलिस ने फरियादी किसान जगदीश पुत्र बख्सीस सिंह सिक्ख निवासी गडौली की रिपोर्ट पर 4 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जिन आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है, उनके नाम हैं बेअंत सिंह, सनी सिक्ख, संदीप सिक्ख और करण सिंह। इन आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने किसान को 11 लाख रूपए की राशि नहीं दी। फरियादी ने अपने जमीन में उन्हें धान की खेती करने की इजाजत दी थी और इसके बदले में 15 लाख रूपए आरोपियों को अदा करने थे। लेकिन फरियादी को आरोपियों ने सिर्फ 4 लाख रूपए दिए। फरियादी जगदीश सिंह ने बताया कि उसने अपनी 20 हैक्टेयर जमीन धान की पैदावार करने आरोपी बेअंत सिंह को 15 लाख रूपए के ठेके पर दी। यह सौदा जुलाई 2020 में तय हुआ और 2 लाख रूपए नगद जगदीश को दिए गए। उक्त जमीन में 850 क्विंटल धान का उत्पादन हुआ और बेअंत सिंह उसमें से 350 क्विंटल धान ले गया। जबकि 500 क्विंटल धान जगदीश सिंह को दे गया। कुछ दिनों बाद जब धान की कीमत बढ़ी तो आरोपी बेअंत सिंह फरियादी से 500 क्विंटल धान भी ले गया। जब फरियादी ने उससे 13 लाख रूपए मांगे तो उसने 2 लाख रूपए दिए और शेष रूपए देने से मना कर दिया। इस पर फरियादी ने बेअंत सिंह और उसके तीन साथियों के विरूद्ध नरवर थाने की मगरौनी चौकी में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया।

### बालिका के अपहरण की आशंका

**शिवपुरी ब्यूरो।** इंदार थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव से एक बालिका बिगत रात्रि घर से अचानक गायब हो गई। जिस पर परिजनों ने किसी अज्ञात आरोपी पर बालिका के अपहरण का संदेह जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अपहृत बालिका के चाचा की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 363 के तहत प्रकरण कायम कर लिया है।

### 4 जुआरी गिरफ्तार, 7 हजार नगदी जप्त

**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुए के फड़ पर छापा मारकर 4 जुआरियों का जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को देखकर दो जुआरी भाग निकले। पुलिस ने फड़ से 7 हजार रूपए नगद जप्त किए। आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है। थाना प्रभारी अमित भदौरिया को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम मुंगावली में कुछ लोग हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर थाना प्रभारी ने पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर छापा मारा तो बरिया के पेड के नीचे मुंगावली में कुछ लोग जुआ खेलते हुए मिले। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी तो 4 जुआरी पकड़े गए। लेकिन दो भागने में सफल रहे। जुआरियों के कब्जे से 7 हजार रूपए की राशि भी बरामद की गई है।

### जंगल में लकड़ी लेने गई महिला के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज

**बैराड़ नि.प्र.।** बैराड थाना क्षेत्र के ग्राम रजौआ में एक आदिवासी महिला के साथ उस समय एक युवक ने छेड़छाड़ की जब वह जंगल में लकड़ी लेने गई थी। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी चंदा उर्फ चांद खान के विरूद्ध छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। महिला ने पुलिस में लिखाई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी चांद खान और उसके पति का उधारी का लेन-देन है। उधारी के पैसे देने के बाद भी आरोपी की उस पर गलत नजर थी। बिगत दिवस जब वह गांव के बाहर जंगल में लकड़ी बीनने गई थी तब आरोपी चांद खान ने एकांत स्थान में उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ कर दी और उसके कपड़े फाड़ दिए। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जाति सूचक गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी दी। घर पर महिला ने बात अपने पति को बताई लेकिन लोकलाज के कारण थाने में रिपोर्ट नहीं लिखाई। परंतु बाद में महिला थाने पहुंची और उसने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

### दहेज में कार और दो लाख रूपए न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**शिवपुरी ब्यूरो।** फरियादी प्रियंका पत्नी पदम सिंह हाडा निवासी गुरिच्छा की रिपोर्ट पर गोर्वधन थाना पुलिस ने उसके ससुराल पक्ष के 9 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीडन् का मामला दर्ज कर लिया है। दहेज न मिलने पर आरोपियों ने फरियादी प्रियंका को घर से निकाल दिया था। फरियादी प्रियंका ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह अंताबारां राजस्थान में 6 मई 2017 को पति पदम सिंह के साथ हुआ था। शादी में उसके मायके वालों ने पर्याप्त दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले दहेज में कार व दो लाख रूपए की मांग कर रहे थे, जो कि उसके मायके वालों की सामर्थ के बाहर था। ससुराल में आने के बाद उसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और दो लाख रूपए तथा कार की मांग उन्होंने करना शुरू कर दी। जब उनकी मांग की पूर्ति नहीं हुई तो आरोपियों ने उसकी मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। गोवर्धन थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी के पति पदम सिंह, नंदसिंह, उम्मेद सिंह, रघुवीर सिंह, राधिका, अरविंद, सीटी कंवर, राजेंद्र सिंह परमार, धनकुंवर के खिलाफ दहेज उत्पीडन् का मामला दर्ज कर लिया है।

### दहेज आरोपियों पर हुई कायमी

**पोहरी।** पोहरी थाना पुलिस ने विवाहित महिला सपना पत्नी राहुल पटवा निवासी मामौन टीकमगढ की रिपोर्ट पर उसके पति, ससुर, सास, देवर-देवरानी और नंद के खिलाफ दहेज उत्पीडन् का मामला दर्ज कर लिया है। फरियादी महिला सपना ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उसके ससुराल वाले दहेज में 1 लाख रूपए और बाइक मांग रहे थे। जब इन मांगों की पूर्ति नहीं हुई तो उसके पति राहुल, ससुर बाबूलाल, सास विनीता, देवर धर्मेंद्र तथा देवरानी और नंद ने उसकी मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया।

### पाल बघेल समाज ने किया जिला टीकाकरण अधिकारी का सम्मान

शिवपुरी ब्यूरो। पाल बघेल समाज द्वारा आज 3 जुलाई को स्थानीय भारतीय विद्यालय में को वैक्सीन के दूसरे डोज के लिए कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें आज आज जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर का सम्मान किया गया। डॉ संजय ऋषिस्वर के कुशल प्रबंधन को पाल बघेल समाज के जिलादयक्ष एडवोकेट रामस्वरुप बघेल ने सराहा और उनके कार्यो की तारीफ की। इस दौरान बीएलओ सुल्तान सिंह बघेल, गोविंद भार्गव, शिक्षक आदेश सक्सेना का भी सम्मान किया गया।

## फौज में दो बेटे कर रहे नौकरी, बच्चों को पढ़ाने बहुएं शहर में थी, मां की किसी ने नहीं ली सुध तो तनाव में आकर फांसी पर झूली

**साइकॉलोजिस्ट बोली ऐसे बुजुर्गों की परिवार और समाज को करना चाहिए देखभाल**

भिण्ड। एक 71 वर्ष की बुजुर्ग महिला ने सुसाइड कर ली। वह घर में अकेली रह रही थी। दोनों बेटे फोर्स में हैं, जबकि बहुएं शहर में रहकर बच्चों को पडा रही थीं। तनाव की वजह से उसने फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। अटेर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुन पुरा का है। पुलिस का कहना है ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि मुन्नीबाई उम्र 71 वर्ष तनाव में थीं। वह अकेली दूर खेत में बने अपने घर में रहती थी। इसलिए आस पडोस में कोई देखभाल करने वाला भी नहीं था। बीते कुछ दिनों से महिला घर के बाहर खडे होकर चिल्लाती रहती थी। कभी कहती कि मुझे सांप ने काट लिया। तो कभी कहती थी कुछ मुझे डर लग रहा है। विवेचक एसआई अतुल सिंह भदौरिया के मुताबिक शनिवार रात वो घर के बाहर चिल्ला रही थी। इस बात की जानकारी लगते ही परिवार के भतीजा उसे सुलाकर आया। जब उसने सुबह जाकर देखा तो महिला घर अंदर फंदे पर लटकी मिली। इसके बाद रामवरन गुर्जर की सूचना पर पुलिस को जानकारी लगी। पुलिस ने जब मृतिका के दोनों बेटों को फोन पर सूचना दी तो उन्होंने मां की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी। ग्वालियर शहर की केवी विद्यालय की शिक्षिका साइकॉलोजिस्ट डॉण्याशी जैन के मुताबिक उम्र के इस पडाव पर अपनों की खास जरूरत होती है। जब महिला या पुरुष, 60 साल से अधिक होता है और उसका जीवन साथी का देहांत हो जाता है। ऐसे में वो बच्चों पर आश्रित हो जाते है। इस उम्र में शारीरिक कमजोरी आती है। इधरए बच्चे दूरियां बनाते है तो वो स्वयं को एकांकी महसूस करते है। इस वजह से मायूसी और डिप्रेशन के भाव जागृत होने लगते है। इसलिए बच्चों को चाहिए की वो अपने माता-पिता की अच्छे से केयर करें।

# अनूठा लोकार्पण : विधायक ने माताओं बहनों से कराया लोकार्पण






### विभिन्न विकास कार्यों का किया गया लोकार्पण

भिण्ड। भिण्ड विधानसभा में विकास कार्यों की झड़ी इसी तरह लगी रहेगी। ये सड़क आप लोगों के गली-मौहल्ले की है जिस कीचड़ और गड्ढे वाली गली को आप लोग वर्षों से झेल रहे थे आज वह बनकर तैयार हो गई है। जिसका आप लोग वर्षों तक उपयोग करेंगे। आप लोग ही इस पट्टिका से पर्दा हटाकर सड़क का लोकार्पण करें। उक्त बात भिण्ड विधायक संजीव सिंह ने वार्ड 11 में बीटीआई रोड़ पर 10 लाख 86 हजार 290 रूपये से बनी सड़क का माताओं बहनों से लोकार्पण करवाते हुए कही। इसी प्रकार विधायक संजीव सिंह ने ग्राम पंचायत ककहारा में 20 लाख की लागत बने सामुदायिक भवन एवं 7.80 लाख की लोग से आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह ने कहा कि जब तक आप लोगों का आशीर्वाद मिलता रहेगा। विकास कार्य इसी प्रकार होते रहेंगे और भिण्ड जो वर्षों से पिछड़ा था। बहुत जल्द बड़े शहरों की तरह गिनती में आ जायेगा। गांव का अगर विकास करना है तो उसे शहर की मुख्य सड़कों से जोड़ और मूलभूत समस्याएं बिजली, पानी, सड़क की पूर्ति होती रहे तो गांव स्वयं विकास की ओर अग्रसर हो जायेगा। इसके साथ ही ग्रामीणवासियों की जनसुनवाई कर उनकी समस्याओं को पटवारी विनायक तोमर को बुलाकर निराकरण करने के निर्देश दिए। लोकार्पण कार्यक्रम में सरपंच गुड्डी देवी, सुरेन्द्र सिंह, सचिव शिवप्रकाश सिंह, नीलू शर्मा, भूरे सरपंच, महेश चन्द्र शुक्ला, मानसिंह भदौरिया, देवेन्द्र सिंह कुशवाह, मनोज सिंह कुशवाह, पिन्टू कुशवाह, राजेन्द्र सिंह कुशवाह, महेन्द्र सिंह राजावत, बड़ेलाल भदौरिया सुभाष शाक्य, हरिओम शर्मा, बन्टी भदौरिया, अन्शू भदौरिया, राघवेन्द्र सिंह भदौरिया, अखलेश भदौरिया, भूरेसिंह कुशवाह सहित सैकड़ों नागरिकगण

## आशा उषा और आशा सहयोगिनीयों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दे सरकार : कल्पना मिश्रा

भिण्ड। जिला अस्पताल प्रांगण में पिछले एक महीने से धरने पर बैठी आशा उषा और आशा सहयोगिनी यों को आज महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कल्पना मिश्रा ने समर्थन पत्र दिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पत्र लिखकर उनकी मांगों को तत्काल निराकरण करने की मांग की इस अवसर पर कल्पना मिश्रा ने कहा की आशा उषा और आशा सहयोगिनी कोरोना काल में अपनी और अपने परिवार की जान जोखिम में डालकर बिना संसाधनों के और बिना कोई पारा श्रमिक लिए घर घर जाकर सेवा की है इसलिए सरकार को उनकी समस्त 6 मांगों को मांग कर उनका सम्मान करना चाहिए उन्होंने कहा कि जल्दी वह प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात करके



उनकी मांगों का मांग पत्र सौपेगी मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस उनकी मांगों का समर्थन करती है और आशा करती है उनकी मांगे जल्द पूरी हो। इस अवसर पर उनके साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जय श्री राम बघेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम हर्ष सिंह शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा, नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, रेखा भदौरिया, स्नेह लता जैन, अशोक गुप्ता, राजमणि, सुनील कांकर, राघवेंद्र कांकर, शर्मा, राहुल कुशवाह, चंद्रपाल परिहार, मनोज जैन, महेश जाटव, बलराम जाटव, सतपाल अगरिया, मनीष शिवहरे, दर्शन सिंह तोमर, नानू अरेले, कमलेश जाटव मोहर सिंह, नीलम

## आज एनसीसी की बी प्रमाण पत्र हेतु परीक्षा होगी आयोजित

भिण्ड । 30 एमपी बटालियन एनसीसी भिण्ड के द्वारा जैन महाविद्यालय भिण्ड में 05 जुलाई को सुबह 09 बजे से सम्पन्न होगी। यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित होगी। परीक्षा में कैडेट्स को प्रथम चरण में ड्रेस कोड और अनुशासन की परीक्षा की जाएगी तत्पश्चात लिखित परीक्षा होगी अंततः फिजिकल ड्रिल, हथियार परीक्षण इत्यादि का परीक्षण किया जायेगा। इस दौरान 30 एमपी बटालियन एनसीसी भिण्ड के एडम अफसर कर्नल सुमित पंत ने निरीक्षण के दौरान बताया कि उक्त परीक्षा मे कुछ 06 संस्थाये के लगभग 300 कैडेट्स सम्मिलित होगे। जिसमे जैन महाविद्यालय, शा. एमजेएस महाविद्यालय, आर डी महाविद्यालय फूप, शा. महाविद्यालय मेहगांव, शा. अम्बाह पी जी कॉलेज, शा. महाविद्यालय आलमपुर आदि शामिल होगे।

## आज लगेगा दूसरा डोज, दूसरे डोल को लेकर तैयारियां पूर्ण



भिण्ड। जिले में वैक्सीनेशन अभियान के दूसरे चरण में कोवि शील्ड का दूसरा टीका अब सोमवार 5 जुलाई को लगाया जाएगा। यह टीका जिले 28 जगह पर लगाया जाएगा। टीकाकरण कराए जाने को लेकर स्वास्थ्य अमले ने पूरी तैयारी कर ली गई है। शासन की ओर से जिले के स्वास्थ्य विभाग कोवि शील्ड के दूसरा डोज 6 हजार 270 दिए है। जबकि जरूरत 28 हजार से अधिक की थी। आज सोमवार को जिले में 6 हजार 270 कोवि शील्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। वहीं, कोवि शील्ड के दूसरे डोज को जिले में 28 हजार से अधिक लोगों को लगाए जाने है। सभी जगह तैयारी पूरी कर ली गई है।

टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में कोवि शील्ड का दूसरा डोज लगाए जाने के लिए भिंड, अटेर, मेहगांव, गोहर अनुविभाग के स्वास्थ्य केंद्रों की टीम को वैक्शीन भेजी जा चुकी है। इस तरह जिले में सोमवार को 28 केंद्रों पर वैक्सीनेशन कराया जाएगा। यह वैक्सीनेशन को लेकर पहले आओ पहले टीकाकरण कराओ थीम पर वैक्सीन लगाई जाएगी। कारण यह है कि जिले में 84 दिन बाद कोवि शील्ड का टीका लगने जा रहा है। ऐसे में 28 हजार लोगों को टीका लगाया जाना है। जबकि शासन की ओर से 6 हजार 270 टीके मिले है। इस तरह से दूसरे डोज से अभी 22 हजार से अधिक लोग वंचित रहेंगे।

### कहां कितने लोगों को लगेगा टीका

अटेर, पीथनपुरा, सुरपुरा, परा, जावासा, बरोही में 1 हजार लोगों के लगेंगे टीके।

फूप, उमरी, अकोड़ा में 500 लोगों के होगा टीकाकरण।

भिंड शहर के व्यापार मंडल धर्मशाला, अग्रवाल धर्मशाला , विक्रमपुरा पीएचसी, भवानीपुरा पीएचसी, पुलिस लाइन, सिविल डिस्पेंसरी गर्ल्स स्कूल पर 1 हजार लोगों के टीका लगेंगे।


मेंहगांव, अमायन, गोरमी, भारौली में 1 हजार टीके भेजे गए।

गोहद, मौ, मालनपुर के एक हजार लोगों के कोवि शील्ड का दूसरा डोज लगेगा।

रौन, मिहोना, मछंड में छह सौ लोगों के दूसरा डोज लगाया जाएगा।

## किसान मोर्चा वर्चुअल मीटिंग में सांसद संध्या राय ने किसानों को किया संबोधित

भिण्ड। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने कोविड-19 से बचाव कार्य के लिए चलाए जा रहे वैक्सीन महाअभियान एवं पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियां विषय पर वर्चुअल के माध्यम से भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के किसानों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने नए कृषि कानून के माध्यम से विकास की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया है जिसमें देश के लाखों किसानों को फायदा हुआ है और भारत सरकार की मंशा अनुसार कृषि को फायदे का धंधा बनाकर कई योजनाओं के साथ उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोक सभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली 7 वर्ष की कृषि के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों पर संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने भी कृषि क्षेत्र में किसानों को अनेकों योजनाओं को संचालित किया आज जो योजनाएं देश के किसानों के लिए वरदान के रूप में साबित हो रही उन्होंने कहा कि अटल बिहारी की सरकार ने राष्ट्रीय फसल बीमा योजना प्रधानमंत्री आपदा फसल बीमा योजना किसान आयोग का गठन किसानों के सिंचाई के लिए नदी जोड़ योजना किसान क्रेडिट कार्ड प्रधानमंत्री सड़क परियोजना के माध्यम से किसानों को विकास की दिशा में कार्य किया था 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी जिन्होंने किसानों के हित में अनेकों योजनाएं बनाकर कृषि के क्षेत्र में किसानों को राहत देने का काम किया उन्होंने देश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 6000 सीधे खातों में डालने की योजना बनाई खाद बीज सही समय पर किसानों को मुहैया हो रहा है इससे पूर्व केंद्र में यूपीए कि कांग्रेस सरकार थी किसानों को खाद मुहैया नहीं हो रहा था मोदी जी ने यूरिया की समस्या ना हो इसके लिए किसानों को सस्ते दामों पर खाद उपलब्ध कराने की योजना बनाई थी।




## सड़क हादसे में आरक्षक की मौत, नोटिस तामीली के लिए बाइक पर सवार होकर कनावर जा रहा था आरक्षक, बाइक फिसलकर खाई में जा गिरी, मौत

### राहगीरों ने सड़क हादसे की सूचना पुलिस को दी, तब जाकर पहुंचाया अस्पताल, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

भिण्ड। उमरी थाना क्षेत्र में आरक्षक जीतेंद्र सिंह तोमर नोटिस तामील के लिए थाने से कनावर पर बाइक पर सवार होकर निकला था। रास्ते में उसकी बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जवान को घायल अवस्था में हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस विभाग में जितेन्द्र की मौत की खबर फैलते ही सन्नाटा छा गया, जिसके बाद हादसे की सूचना परिजनों को दी गई तो देर शाम तक जिला अस्पताल पहुंचे, जिसके बाद मृतक का पीएम कराकर परिजनों के सुर्पुद कर दिया। जितेन्द्र की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो उनके पैरों तले जमीन निकल गई और रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

### बाइक तेज रफ्तार होने की वजह से वो सीधे सड़क पर से फिसलते हुए खाई में जा गिरी, सर में लगी गहरी चोट



उमरी थाना प्रभारी विनय सिंह तोमर के मुताबिक आरक्षक 759 जीतेंद्र सिंहपुत्र बाघ सिंह तोमर उम्र 28 वर्ष निवासी अंबाह, मुरैना हाल में उमरी थाना पर पिछले एक साल से पदस्थ था। आरक्षक दोपहर 2 बजे सरकारी डाक लेकर निकला हुआ था। वो उमरी से कनवार के लिए अपनी बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी सेवडा रोड पर उसकी बाइक फिसल गई। बाइक तेज रफ्तार होने की वजह से वो सीधे सड़क पर से फिसलते हुए खाई में जा गिरी। इस हादसे में आरक्षक तोमर बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे की जानकारी स?क पर जा रहे राहगीरों ने डायल 100 को दी। इस पर मौके पर एफआरवी पहुंच गई। एफआरवी ने उमरी थाना को सूचना दी। इसके बाद 108 की मदद से घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। इधर उमरी थाना पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंच गई। यहां घायल को जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इस बात की खबर लगते ही मौके पर जिला अस्पताल पर परिजन आ गए। मृतक का पीएम कराया गया। यह खबर से पुलिस विभाग के वरिष्ठ अफसरों ने लेकर जवानों में शोक की लहर दौड गई।

### वर्ष 2013 में पुलिस विभाग में जॉइन की थी नौकरी

पुलिस के मुताबिक मृतक जीतेंद्र ने वर्ष 4 मई 2013 में पुलिस की नौकरी ज्वाइन की थी। वर्ष 2013 से 2018 तक होशंगाबाद जिले में तैनात रहा। होशंगाबाद जिले से स्थानांतरण होकर 16 जुलाई 2018 को भिंड जिले में आकर पुलिस लाइन में आमद दी। इसके बाद उमरी थाना एक साल तैनात रहा। इसके बाद अक्टूर19 से दिसंबर 19 तक पुलिस लाइन पहुंच गया। इसके बाद रौन थाना 8 महीने सेवाएं दी। इसके बाद फिर से सितंबर 20 से अक्टूबर 20 तक फिर लाइन में अटैच रहे। इसके बाद 18 सितंबर 20 से अब तक उमरी थाना में तैनात था। बताया जाता है कि मृतक जीतेंद्र के परिवार में एक छोटा भाई, पत्नी और माता-पिता है।

## बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया भाजपा सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन यज्ञ

भिण्ड। केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद बढ़ रही बेरोजगारी दर, पेट्रोलियम पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों के साथ ही आवश्यक वस्तुओं के दाम में हो रही वृद्धि ने गरीब और सामान्य वर्ग के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं इस गम्भीर समस्या को लेकर आज कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल के निर्देशन में महासचिव अमित शिवहरे एवं सचिव अरविंद सोनी के द्वारा बढ़ती मेंहगाई को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन कर अपना विरोध जताया जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार के मोदी और राज्य सरकार के शिवराज की मति भृष्ट हो गई है, बढ़ती मेंहगाई के कारण आमजनता परेशान है वहीं पड़े लिखे युवा बेरोजगार घूम रहे हैं हमने हवन कर कामना की है कि भगवान केंद्र और राज्य सरकार को सद्बुद्धि दे। कार्यक्रम आयोजक जिला कांग्रेस सचिव अमित शिवहरे ने कहा सरकार को पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की बड़ी कीमतें वापस लेकर जनता को राहत प्रदान करना चाहिए। कार्यकम में डॉ. राधेश्याम शर्मा, रामहर्ष कुशवाह, अनिल भारद्वाज, रेखा भादौरिया, अजय शर्मा, महेश जाटव, प्रदीप जैन गुड्डा, राहुल कुशवाह, संतोष त्रिपाठी, अशोक गुप्ता, शैलेन्द्र भादौरिया, नीलम भादौरिया, दर्शन तोमर, सोहन तिवारी, विनोद जाटव, मनोज जैन, वीरप्रकाश, दुष्यन्त सिंघई, बलराम जाटव, आदि हवन कार्यक्रम में शामिल रहे।



## शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

*गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा। उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तर दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड्तों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।*

# बाजार में मांग बढ़ाने के लिए जनता के हाथ में रोकड़े की प्रचुरता होना जरुरी

**अशोक भाटिया**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आर्थिक राहत पैकेज का एलान किया जो राहत भरा है । इससे कोरोना की मार से बेहाल अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। उनके अनुसार कुल 8 उपायों का एलान किया जा रहा है। इसमें से 4 उपाय बिल्कुल नए हैं। इसमें हेल्थ से जुड़ा एक नया राहत पैकेज भी शामिल सरकार ने 1.1 लाख करोड़ रुपये का फंड क्रेडिट गारंटी योजना के लिए आवंटित किया है। कोविड से प्रभावित क्षेत्रों को इससे मदद मिलेगी। 8 महानगरों को छोडकर दूसरे शहरों में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सरकार 50,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके तहत सरकार कम ब्याज दर पर लोन देगी। स्कीम के तहत 100 करोड़ रुपये का अधिकतम लोन होगा। इस लोन पर सरकार की गारंटी भी होगी।उसका मुख्य आयाम मौद्रिक स्तर पर विभिन्न उद्योग-धंधों को कर्जों या ऋणों की सुलभता उपलब्ध कराना लगता है, जिससे अपनी चालू पूंजीगत आवश्यकताओं की आपूर्ति करके ये उद्योग अपनी वाणिज्यिक गतिविधियों को जारी रख सकें परन्तु सवाल उठना वाजिब है कि छोटे या मंझोले उद्योगों में क्या इतनी ताकत बची है कि ये और ऋण लेकर अपना काम आगे जारी रख सकें? मुख्य रूप से वित्तमन्त्री ने स्वास्थ्य व पर्यटन और निर्यात क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ऋण सेवाएं उपलब्ध कराने के इन्तजाम बांधे हैं। कुल 6.28 लाख करोड़ रुपए के मदद पैकेज में पिछली घोषणाओं के आर्थिक अवयव भी शामिल कर लिये गये हैं। ताजा तौर पर कुल पैकेज में से केवल 20 हजार करोड़ रुपए की धनराशि ही सरकारी खजाने से सीधे बाजार में जायेगी शेष धनराशि मौद्रिक आधार पर मदद के लिए बैंकों की मार्फत उपलब्ध होगी।

वित्तमन्त्री ने लघु व मंझोले उद्योगों के लिए आपातकालीन ऋण उपलब्ध कराने की सीमा तीन लाख करोड़ से बढ़ा कर साढ़े चार लाख करोड़ रुपए की कर दी है। जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 50 हजार करोड़ रुपए व अन्य प्रभावित उद्योग-धंधों के लिए 60 हजार करोड़ रुपए के आपातकालीन ऋण सुलभ होंगे। मगर दूसरी तरफ हमें यह देखना होगा कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान राज्य स्तर पर किये गये विभिन्न लॉकडाउनों ने पूरी अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ कर रख दी है और सबसे बुरा असर लघु व मध्यम दर्जे की औद्योगिक इकाइयों पर ही डाला है। इनमें से एक चौथाई की हालत ऐसी हो चुकी है कि वे आगे उत्पादन करने योग्य नहीं रही हैं । बाजार में मांग की कमी होने की वजह से जो इकाइयां उत्पादन कर भी रही हैं वे अपनी स्थापित क्षमता का औसतन आधा ही उपयोग करके किसी तरह घिसट रही हैं। इसके साथ ही बेरोजगारी की दर में भी वृद्धि हुई है और सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले लघु व मध्म दर्जे की इकाइयों से कार्यरत कर्मचारियों की छंटनी हो रही है अथवा उन्हें आधी तनख्वाह पर काम पर रखा जा रहा है। यह स्थिति भयावह कही जा सकती है जिसका उपचार केवल वित्तीय मदद देकर ही किया जा सकता है परन्तु वित्तमन्त्री का जोर पहले 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज से लेकर मौद्रिक मदद देने पर ही रहा है। इसके अच्छे परिणाम आने को ही थे कि कोरोना की दूसरी लहर ने अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लिया। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि मौद्रिक उपायों से अर्थ व्यवस्था में धीरे-धीरे जान आयेगी।

पिछले 20 लाख करोड़ के पैकेज में से भी सरकारी खजाने से केवल पौने दो लाख करोड़ रुपए की रोकड़ा ही निकली थी जिसमें मुफ्त अनाज सुविधा व ग्रामोण रोजगार की बढ़ी हुई अवधि की कीमत धनराशि भी शामिल थी। पहले भी यह मांग उठी थी कि सरकार गरीबी की सीमा रेखा के पास बैठे हुए परिवारों को सीधे छह हजार रु महीने की वित्तीय मदद दे जिससे बाजार में मांग बढ़ सके और उत्पादन गतिविधियां बदस्तूर जारी रह सकें परन्तु सरकारी पैकेज से इतना जरूर हुआ था कि ग्रामीण अर्थ व्यवस्था अपने बूते पर उठ कर खड़ी हो गई थी। तर्क दिया जा रहा है कि सरकार ने पेट्रोल व डीजल की कीमत बढ़ा कर साल भर में चार लाख करोड़ रुपए की धनराशि अपने खजाने में जमा की है। इसका दस प्रतिशत भी कोरोना के मृत परिवारों को देने से अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक प्रभाव पड़ेगा और मांग बढ़ने में मदद मिलेगी तथा स्वरोजगार के माध्यम से बेरोजगारी के आंकड़ों पर भी असर पड़ेगा किन्तु यह भी सोचना होगा कि सरकार को अभी प्रत्येक वयस्क को कोरोना वैक्सीन लगाने के साथ ही दो वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक की नौजवान पीढ़ी के भी मुफ्त वैक्सीन लगानी होगी। इसके लिए वित्तीय स्रोतों को संभाल कर रखना होगा। मगर वित्तमन्त्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए जो मदद देने की घोषणा की है उसका स्वागत किया जाना चाहिए। कुल 50 हजार करोड़ की ऋण गारंटी स्कीम बड़े-बड़े शहरों के अलावा अन्य छोटे शहरों में भी चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की गरज से होगी, इसमें 23,200 करोड़ रुपये का आवंटन स्वास्थ्य मन्त्रालय को तुरन्त किया जायेगा जिससे वह देश में आधारभूत चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बना सके। इस मद में केन्द्र के खजाने से 15 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वित्तमन्त्री ने इस क्षेत्र के लिए भी ऋण गारंटी योजना की शुरूआत की है और पांच लाख पर्यटक वीजा मुफ्त देने का ऐलान किया है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना को 30 जून, 20 से बढ़ा कर 31 मार्च, 22 तक कर दिया गया है। इसी प्रकार निर्यात ऋण गारंटी स्कीम को भी बढ़ा कर पांच साल से ऊपर कर दिया गया है और इलैक्ट्रानिक उत्पादन क्षेत्र की विशेष स्कीम को भी बढ़ा कर 2025-26 तक कर दिया गया है। अतः ये सारी स्कीमें उद्योग जगत को सुविधा देने की जरूर हैं मगर इस बात की गारंटी नहीं है कि बाजार में यथानुरूप मांग भी बढ़ेगी। मांग तभी बढ़ेगी जब जनता के हाथ में रोकड़ा की प्रचुरता होगी।

हर राहत पैकेज के बाद बुजुर्गों को एक बात अखरती है 7 कोरोना काल की राहत में बुजुर्गों के लिए कोई अलग से पैकेज नहीं होता जबकि सबसे ज्यादा रहत की उन्हें जरुरत हैं । भारत में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है और सर्वेक्षणों के अनुसार, देश में कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2001 में 7.5 प्रतिशत से बढ़कर 2026 तक लगभग 12.5 प्रतिशत और 2050 तक 19.5 प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है।कम से कम 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को कोरोना काल में आयकर से ही माफ़ी दिलवा देते ।

# पुस्तक चर्चा कृति ... जीवन वीणा

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**



कवियत्री ... अनीता श्रीवास्तव

जीवन सचमुच वीणा ही तो है . यह हम पर है कि हम उसे किस तरह जियें . वीणा के तार समुचित कसे हुये हों , वादक में तारों को छेड़ने की योग्यता हो तो कर्णप्रिय मधुर संगीत परिवेश को सम्मोहित करता है . वहीं अच्छी से अच्छी वीणा भी यदि अयोग्य वादक के हाथ लग जावे तो न केवल कर्कश ध्वनि होती है , तार भी टूट जाते हैं . अनीता श्रीवास्तव कलम और शब्दों से रोचक , प्रेरक और मनहर जीवन वीणा बजाने में नई ऊर्जा से भरपूर सक्षम कवियत्री हैं।

उनकी सोच में नवीनता है ... वे लिखती हैं

घड़ी दिखाई देती है , समय तू भी तो दिख .

वे आत्मार्पण करते हुये लिखती हैं ...

लो मेरे गुण और अवगुण सब समर्पण , ये तुम्हारी सृष्टि है मैं मात्र दर्पण , .... मैं उसी शबरी के आश्रम की हूं बेरी , कि जिसके जूठे बेर भी तुमको ग्रहण ÷।

उनकी उपमाओ में नवोन्मेषी प्रयोग हैं। जीवन एक नदी है , बीचों बीच बहती मैं .... जब भी किनारे की ओर हाथ बढ़ाया है , उसने मुझे ऐसा धकियाया है , जैसे वह स्त्री सुहागन और पर पुरुष मैं ।

गीत , बाल कवितायें , क्षणिकायें , नई कवितायें अपनी पूरी डायरी ही उन्होने इस संग्रह में उड़ेल दी है। आकाशवाणी , दूरदर्शन में उद्घोषणा और शिक्षण का उनका स्वयं का अनुभव उन्हें नये नये बिम्ब देता लगता है , जो इन कविताओ में मुखरित है। वे स्वीकारती हैं कि वे कवि नहीं हैं , किन्तु बड़ी कुशलता से लिखती हैं कि कविता मेरी बेचैनी है , मुझे तो अपनी बात कहनी है . कहन का उनका तरीका उन्मुक्त है , शिष्ट है , नवीनता लिये हुये है। उन्हें अपनी जीवन वीणा से सरगम , राग और संगीत में निबद्ध नई धुन बना पाने में सफलता मिली है। यह उनकी कविताओ की पहली किताब है। ये कवितायें शायद उनका समय समय पर उपजा आत्म चिंतन हैं।

उनसे अभी साहित्य जगत को बहुत सी और भी परिपक्व , समर्थ व अधिक व्यापक रचनाओ की अपेक्षा करनी चाहिये , क्योंकि इस पहले संग्रह की कविताओ से सुश्री अनीता श्रीवास्तव जी की क्षमतायें स्पष्ट दिखाई देती हैं। जब वे उस आडिटोरियम के लिये अपनी कविता लिखेंगी , अपनी जीवन वीणा को छेड़कर धुन बनायेंगी जिसकी छत आसमान है , जिसका विस्तार सारी धरा ही नहीं सारी

# कब रुकेगा यह धर्मान्तरण का धंधा

जम्मू-कश्मीर में सिख लड़कियों के धर्मान्तरण और निकाह की घटना तथा नोएडा डेफ सोसायटी के मूक बधिर बच्चों के धर्मान्तरण जैसी निंदनीय घटनाओं ने पूरे देश को चौका दिया है। हमारे संविधान ने सभी धर्मावलम्बियों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया है किन्तु धार्मिक स्वतंत्रता की आड़ में जिस प्रकार धर्मान्तरण किये जा रहे हैं उन्होंने एक बार पुनः इस धारा की व्याख्या करने की आवश्यकता उपस्थित कर दी है । यद्यपि देश के भिन्न-भिन्न राज्यों में धर्मान्तरण रोकने के लिए अलग-अलग कानून हैं किन्तु कोई भी राज्य इस बात का विश्वास नहीं दिलासकता कि उसके यहाँ धर्मान्तरण पूर्णतः रुक गया है। अभी इस अपराध में दो वर्ष से लेकर अधिकतम सात वर्ष की सजा का प्रावधान है। जुर्माने की राशि भी जो कुछ राज्यों में पहले पाँच हजार थी उसे भी अलग-अलग राज्यों ने थोड़ी बहुत वृद्धि करके खाना पूर्ति कर दी है। एक अनुमान के अनुसार धर्मान्तरण कराने वाले गिरोहों को इस कार्य के लिए हवाला आदि माध्यमों से जो फंड मिलता है वह करोड़ों में होता है। यह पैसा अरब देशों तक से यहाँ पहुँचाया जाता है। अब प्रश्न यह है कि जिस कार्य को करने के लिए करोड़ों रुपये मिलते हों और पकड़े जाने पर जुर्माना मात्र कुछ हजार रुपये हो तो भला ऐसा कानून इस कुकृत्य को कैसे रोक पाएगा ? भारत जिसे हिन्दू बहुसंख्यक देश कहा जाता है वहाँ कश्मीर, लद्दाख, मिजोरम, नागालैंड, लक्ष्यद्वीप, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय आदि कई राज्यों में हिन्दू जनसंख्या घटते-घटते अल्प संख्यक हो गई है। देश के नौ राज्यों में हिन्दुओं का अल्पसंख्यक हो जाना निस्संदेह चिन्ता का विषय है। इस बात में कोई सन्देह नहीं कि हिन्दू आवादी घटने का सबसे बड़ा कारण धर्मान्तरण ही है। आश्चर्य की बात यह है कि इतनी बड़ी संख्या में धर्मान्तरण के पश्चात् भी देश में इसे रोकने के लिए प्रभावी कानून नहीं बन सका है।

भारत में धर्मान्तरण की विवशता और छल का इतिहास बहुत पुराना है। ब्रिटिश काल में इसाई मिशनरियों ने सहानुभूति और सेवा की आड़ में धर्मान्तरण का जो घिनौना खेल आरंभ किया था वह आज तक अनवरत चल रहा है । स्वयं टेरेसा जिन्हें कुछ लोग मदर भी कहते हैं, यही करती रहीं। मिशनरियाँ सुदूर वनों में रहने वाले अनुसूचित जनजाति के लोगों को अभी भी बहला फुसलाकर ईसाई बना देती हैं। मध्यकाल में इस्लामिक आक्रान्ता गर्दन पर तलवार रखकर या जज़िया कर लगा कर धर्मान्तरण कराते रहे। किन्तु उत्तरप्रदेश में मुफ्ती काजी जहांगीर आलम और मुहम्मद उमर के धर्मान्तरण गैंग ने इन सबसे हटकर जिस क्रूरता और निर्लज्जता से धर्मान्तरण कराने का कुकृत्य किया है वैसे उदहारण कम ही देखने को मिलते हैं। दिव्यांग बच्चों को देख सज्जन नागरिकों के मन में स्वाभाविक रूप से सहानुभूति उमड़ती है। वे बिना किसी भेदभाव के इनकी सेवा और सहयोग करने लगते हैं। किन्तु यह एक ऐसा गिरोह बताया जा रहा है जो उन मासूम हिन्दू बच्चों के खतने कर उन्हें मुसलमान बना देता है जो न बोल सकते हैं न सुन सकते हैं जिन्हें समाज से अतिरक्त सहानुभूति की आवश्यकता थी।

यदि डेफ सोसायटी इन मूक बधिरों को बिना धर्मान्तरण के ही उनका जीवन सँवार देती तो संभव था कि पूरी दुनिया उनके कार्यों की सराहना करती। भारत के प्रबुद्ध नागरिकों और मानवता वादियों को आशा थी कि लगभग एक हजार हिन्दुओं (जिनमें मूक बधिर बच्चे और लड़कियाँ भी शामिल हैं ) को लोभ-लालच देकर,गुमराह करके जबरन मुसलमान बनाए जाने की इस क्रूर और घ्रणित घटना का देश के सभी इस्लामिक इदारे/धार्मिक संस्थाएँ एक सुर में निंदा करेंगीं किन्तु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

## सूडोकु नवताल-5762

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल -5761 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

# हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट आदेश दें - सलाह नहीं

**सनत कुमार जैन**

संविधान एवं विधि विशेषज्ञ न्यायपालिका की वर्तमान स्थिति से हतप्रभ हैं। हाल ही में मद्रास हाईकोर्ट ने वीडियो गेम पर प्रतिबंध लगाने की याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया। मद्रास हाईकोर्ट ने माना कि वीडियो गेम की लत से वच्चे एवं युवा शिकार हो रहे हैं। प्रतिबंध लगाना सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। कोर्ट ने सरकार से सम्पर्क करने की बात कहकर याचिका पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया। इसी तरह के सैकड़ों मामलों मे विभिन्न हाईकोर्ट एवं सुप्रीमकोर्ट के न्यायाधीशों ने याचिकाओं में आदेश देने के स्थान पर बिना निर्णय याचिकाओं का निराकरण निर्देश के साथ कर दिया।

जनहित याचिकाओं में सुनवाई के दौरान कास्ट लगाकर याचिकाओं को खारिज करने का निर्णय बड़े पैमाने पर देश की विभिन्न हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में हो रहा है। जनहित याचिका के माध्यम से अब ना अपना भी आम आदमी के बस में नहीं रहा। आम जनता दो पाटों के बीच फंसकर पिसने के लिए मजबूर है। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट एवं अधिनस्थ न्यायालयों में जो मुकदमें और याचिकायें दाखिल होती हैं। उसमें 70 फीसदी मामलों में सरकारें पक्षकार होती हैं। सरकारों को जनहित में जो निर्णय करने चाहिए। वह राजनैतिक एवं स्वयं के हितों को देखते निर्णय नहीं लेते। निर्णय वर्षों तक लंबित रहतें हैं। सरकार द्वारा जो कानून और नियम बनाये जाते हैं। उनका मनमाना उपयोग शासन और प्रशासन के पदों पर बैठे हुए लोग करते हैं। कानून एवं नियमों का एक वर्ग विशेष को फायदा पंहुचाने में किया जा रहा है। गरीब एवं सामान्य आम जनता के लिए अलग कानून एवं का कारपोरेट के लिए अलग कानून बन रहे हैं। पिछले 20 वर्षों में टेक्स एवं निजी हितों को प्रभावित करने वाले सैकड़ों नए कानून एवं हजारों नियम बने हैं। हर कानून एवं नियम का असर निजी जीवन में आम आदमी के आर्थिक एवं निजी हितों पर पड़ रहा है। सरकारें,असंवेदनशील हैं। आम जनता की जब सरकारों एवं कार्यपालिका की नौकरशाही में सुनवाई नहीं होती है। तभी जनहित याचिकाओं एवं अन्य याचिकाओं के माध्यम से नागरिक हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट पंहुच कर न्याय की गुहार लगाते हैं। पिछले वर्षों में हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में याचिकाओं पर कास्ट लगाकर खारिज किए जाने से आम नागरिक और विधि विशेषज्ञ वकीलों की जमात हतप्रभ है। इसी तरह हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान और याचिकाओं के निराकरण में आदेश के स्थान पर सलाह के रुप में मामलों का निराकरण कर दिया जाता है। जिसके कारण पिछले वर्षों में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट की सलाह एवं निर्णयों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

पिछले वर्षों में कानून एवं नियमों का निर्धारण अध्यादेश एवं प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से हो रहा है। सरकारे मनमाने नियम बना रहीं हैं। जिसके कारण आम आदमी की निजी स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी, पुलिस प्रताणना, जांच एजेंसियो की कार्यप्रणाली को लेकर जनता की नाराजगी बढती जा रही है। जेल में वर्षों से बिना चार्जशीट के हजारों लोग बंद हैं। नियमों एवं कानूनों का बेजा इस्तेमाल हो रहा है। इसके बाद भी न्यायपालिका की अनदेखी से जनता मे नाराजी बढ़ रही है। विधि विशेषज्ञों एवं आम जनता अभी तक यह मानकर चलती है कि विधायिका एवं कार्यपालिका के निर्णयों से यदि कोई असहमत है। वह न्यायपालिका में जाकर निर्णय प्राप्त कर सकता है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा बनाए गए कानूनों एवं नियमों की वैधानिकता देखने और उस पर निर्णय लेने का अधिकार हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को ही है। आम जनता के मौलिक अधिकारों का यदि किसी भी नियम कानून अथवा प्रशासन द्वारा हनन किया जा रहा है ऐसे मामलों को सुनने एवम आदेश देने की शक्तियां संविधान ने न्यायपालिका को सर्वोच्चता के साथ प्रदान की है। कानून बनाने का अधिकार विधायिका को प्राप्त है। कानून एवं नियमों के अनुसार शासन - प्रशासन चलाना कार्यपालिका की जिम्मेदारी है। यदि विधायिका एवं कार्यपालिका संविधान प्रदत्त आम आदमी के मौलिक अधिकारों को नियंत्रित करने अथवा उन्हें खत्म करने का कोई कार्य करती है। ऐसी स्थिति में न्यायपालिका के पास कानून एवं नियमों को निरस्त करने अथवा नया कानून बनाने का आदेश देने के संवैधानिक अधिकार हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में निहित हैं।

विधायिका एवं कार्यपालिका यदि जनहित के मामलों की अनदेखी कर रही है, या असंवेदनशील है। ऐसी स्थिति में हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट को आदेश देकर क्रियान्वय कराने की जिम्मेदारी संविधान ने न्यायपालिका को दी है। पिछले कुछ वर्षों में नागरिक अधिकारों और मौलिक अधिकारों का दमन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। हाईकोर्ट एवं सुप्रीमकोर्ट सरकार के पक्ष को तरजीह देते हुए दिख रही है। इससे आम जनता के बीच न्यायपालिका को लेकर जो विश्वास था, वह शनै - शनै कम होता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट विभिन्न मामलों में कानून की समीक्षा करने अथवा जनहित के मुद्दों पर जिस तरह सरकार के ऊपर जवाबदेही बनाकर याचिकाओं का निराकरण कर रहे हैं उससे आम आदमी हतप्रभ है।वहीं वरिष्ठ विधि विशेषज्ञ भी इस हालात पर गहरी चिंता समय-समय पर व्यक्त कर चुके हैं। इस दिशा में न्यायपालिका को विशेष रुप से ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मैंने 17 साल की उम्र में डेटिंग ऐप्स के बारे में सुना था: शनाया कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री और उद्योग जगत की नवोदित अभिनेत्री शनाया कपूर के पास एक मनोरंजक जवाब है, जब आप उनसे पूछते हैं कि उनका डेटिंग ऐप बायो क्या पढ़ा जाएगा। इस विषय पर बात करते हुए शनाया कहती हैं, पिछली बार मैं किसी की तरह थी, मैं रक्तदान कर रही थी, लेकिन नमस्ते।

डेब्यू से पहले ही शनाया सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 741के फॉलोअर्स की एक बड़ी बढ़ती हुई फैन फॉलोइंग है, जिसमें बायो है सनशाइन ऑन माई माइंड। उनके प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर सुंदर तस्वीरों के साथ उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन की झलक देखने को मिलती है।

हालांकि, उन्हें अभी खुलकर सामने आना और अपनी डेटिंग लाइफ पर चर्चा करना बाकी है। यह अब बदल सकता है। शनाया और उनकी मां महीप कपूर के लिए बम्बल डेटिंग ऐप पर एक आगामी वीडियो में देखा जाएगा। वे ऑनलाइन डेटिंग पर टिप्स और ट्रिक्स साझा करेंगे और अपने डेटिंग अनुभव साझा करेंगे। मजेदार वीडियो में, शनाया और महीप पहली चाल बनाने के बारे में बात करेंगे और मजेदार रहस्य और जीवन की सच्चाई बताएंगे। पेरिस में ले बाल में फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स पर शनाया की पहली ऑन-स्क्रीन उपस्थिति ने दर्शकों को डेटिंग पर अपने माता-पिता की एक दिलचस्प अवधारणा दिखाई। शनाया की मां एक दोस्त की तरह हैं जो अपनी बेटी को रिश्ते को सलाह देती हैं। हमेशा प्राथमिकता दें और पहले खुद से प्यार करें, इससे पहले कि आप इसे दूसरों को दें! हमेशा अपने दूसरे में महत्वपूर्ण एक दोस्त खोजें! डेटिंग टिप्स के बारे में पूछे जाने पर, शनाया ने खुलकर साझा किया: उस व्यक्ति से मिलने से पहले वीडियो कॉल करें, जिससे आप निश्चित रूप से जान सकें कि वे लोगों के रूप में कैसे हैं। आप उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए अगला कदम उठाने से पहले एक वीडियो डेट के माध्यम से एक वाइब पकड़ सकते हैं! मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है।

हालांकि शनाया ने वास्तव में किसी ऐप के जरिए डेटिंग करने की कोशिश नहीं की है, लेकिन उनका मानना है कि यह एक शॉट देने लायक है। मैं डेटिंग ऐप का उपयोग नहीं करती, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत बढ़िया है। मैंने 17 साल की उम्र में डेटिंग ऐप्स के बारे में सुना। यह वास्तव में अच्छा है क्योंकि आप वास्तव में किसी व्यक्ति को ऑनलाइन जाने और उनसे मिलने से पहले जान सकते हैं। मुझे लगता है कि सामाजिक मीडिया और ऑनलाइन इंटरैक्ट करना वास्तव में बहुत बड़ा हो गया है।

## विक्रांत मैसी और कृति खरबंदा अभिनीत फिल्म 14 फेरे जुलाई में जी5 पर होगी रिलीज

विक्रांत मैसी और कृति खरबंदा बॉलीवुड के उभरते हुए कलाकार हैं। काफी कम समय में इन दोनों कलाकारों ने अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। विक्रांत और कृति काफी समय से अपनी रोमांटिक फिल्म 14 फेरे को लेकर लाइम लाइट में थे। यह फिल्म 9 जुलाई को थिएटर में रिलीज होने वाली थी। अब कोरोना महामारी के हालात को देखते हुए इसे जुलाई में ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया जाएगा। जी5 ने फिल्म का टीजर जारी करते हुए इसकी डिजिटल रिलीज की जानकारी दी है। जी5 ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुए लिखा, फिल्म 14 फेरे इस जुलाई को जी5 पर आ रही है। इस फिल्म में विक्रांत, कृति और गौहर खान मुख्य भूमिका में दिखने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन देवांशु सिंह ने किया है। वहीं, फिल्म को मनोज कलवानी ने लिखा है। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज द्वारा किया गया है। कृति ने कहा, मुझे याद है कि जब मैंने पहली बार फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी थी। इसमें ड्रामा, इमोशन और मजबूत कैरेक्टर आदि चीजें थीं, जिसकी मुझे तलाश थी। मैं दर्शकों द्वारा जी5 पर आने वाली कहानी को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि फिल्म में दर्शकों को एक ठेठ भारतीय शादी देखने को मिलेगी। उनका मानना है कि यह फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने में सफल होगी। विक्रांत ने भी फिल्म को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उन्होंने कहा, यह फिल्म ड्रामा, कॉमेडी और अपने अनोखेपन से भरी होगी। यह निश्चित रूप से उन परिवारों के लिए एक बेहतरीन घड़ी होगी, जो इसे एक साथ देख सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि जब यह फिल्म जी5 पर आएगी, तो दर्शक इसका पूरा आनंद लेंगे। यह एक सोशल कॉमेडी फिल्म है, जिसमें विक्रांत छोटे शहर के एक लड़के के किरदार में नजर आएंगे। बताया गया था कि कृति फिल्म में आधुनिक लड़की के किरदार में दिखेंगी। इस फिल्म में कृति को अपने हक के लिए आवाज उठाते हुए देखा जा सकता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को काफी पसंद किया गया था। फिल्म के फर्स्ट लुक में विक्रांत और कृति को शादी के खर्चे जोड़ते हुए देखा गया था। दोनों कलाकार फिल्म में अपनी शादी को लेकर मजेदार बहस करते हुए नजर आएंगे।

# नंदिनी राय ने खुलासा किया कि सह-कलाकार विकास ने उन्हें थप्पड़ क्यों मारा!



नई तेलुगू वेब सीरीज इन द गेम ऑफ गॉड में नजर आ रही अभिनेत्री नंदिनी राय ने खुलासा किया कि कुछ दृश्यों की शूटिंग के दौरान उन्होंने और उनके सह-कलाकार विकास ने कैमरे के लिए एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया के लिए वास्तव में एक-दूसरे को थप्पड़ मारा था। नंदिनी ने बताया, जब विकास कैमरे के लिए मुझे हल्के से मार रहा था तो हमें लगा कि हम वास्तविक भावनाओं को सामने नहीं ला पा रहे हैं। फिर, हमने चर्चा की और असली में मारना शुरू कर दिया। इसलिए, दर्शकों को जो आंसू दिखाई देंगे, वे असली आंसू हैं! यह हमारी असली प्रतिक्रिया थी। अभिनेत्री ने आगे दावा किया कि हिटिंग इतनी प्रामाणिक लग रही थी कि निर्देशक विद्यासागर मुथुकुमार ने फिर से शूटिंग शुरू करने से पहले एक ब्रेक के लिए बुलाया। नंदिनी कहती हैं, विकास और मैंने इतना जोरदार थप्पड़ मारा कि निर्देशक को सूजन कम होने के लिए आधा घंटा इंतजार करना पड़ा। क्राइम थ्रिलर एक सात-भाग वाली श्रृंखला है जिसमें अभिनेता प्रियदर्शी हैं। नंदिनी ने एक गांव की लड़की की भूमिका निभाई है जो अभिनय के अपने सपने को पूरा करने के लिए हैदराबाद जाती है। एक्ट्रेस एक वेब सीरीज में काम करके खुश हैं। इन दिनों ओटीटी ने हम सभी का दिल जीत लिया है। जो लोग थिएटर नहीं जा रहे हैं वे घर में देख रहे हैं। अभिनेताओं के लिए, शूटिंग और पारिश्रमिक समान हैं। हम थिएटर की भावना को याद करते हैं लेकिन अगर दोस्तों का एक समूह उनके कंप्यूटर से जुड़ी एक अच्छी ध्वनि प्रणाली के साथ एक साथ बैठता है तो मुझे लगता है कि यह एक समान भावना देता है। मुझे नहीं लगता कि बहुत अंतर है। विभिन्न भाषाओं में काम कर चुकीं तेलुगू अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें काम के लिए नई भाषाएं सीखने में मजा आता है। वह कहती हैं, किसी भी अभिनेता के लिए भाषा कभी बाधा नहीं होती। मैं तमिल, तेलुगू, मलयालम फिल्मों में काम कर रही हूं। नई भाषा सीखने और अलग-अलग लोगों से मिलने में मजा आता है।

# बिग बॉस 15 में शामिल नहीं हो रही हैं अंकिता लोखंडे

रियलिटी शो बिग बॉस के 15वें सीजन से अब तक कई टीवी कलाकारों का नाम जुड़ चुका है। पिछले कुछ समय से यह चर्चा भी जोरों पर थी कि अंकिता लोखंडे भी इसका हिस्सा बनने जा रही हैं। इस खबर के आने पर कुछ लोग उत्साहित हो गए थे तो कुछ उन्हें ताने मार रहे थे। बहरहाल, अब अंकिता ने खुद यह जवाब दे दिया है कि वह इस शो से नहीं जुड़ रही हैं।

अंकिता ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरी जानकारी में कुछ मीडिया संस्थान द्वारा चलाई गईं ऐसी खबरें आई हैं कि मैं इस साल बिग बॉस में भाग लेने वाली हूं। मैं उन्हें और सभी को स्पष्ट रूप से बताना चाहती हूं कि मैं शो का हिस्सा नहीं बनने जा रही। उन्होंने लिखा, शो में भाग लेने की अफवाह बेबुनियाद है। लोग बहुत जल्दी अपनी नफरत मुझ तक पहुंचाने लग



जाते हैं जबकी मैं ऐसी किसी चीज का हिस्सा भी नहीं होती। अंकिता के पोस्ट से बिग बॉस के उन फैंस को बड़ा झटका लगा है, जो शो में अंकिता और रिया चक्रवर्ती को एकसाथ देखने के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे थे। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद जहां रिया को हवालात की हवा खानी पड़ी थी, वहीं, अंकिता भी अक्सर अपने एक्स बॉयफ्रेंड को याद करती नजर आती हैं। ऐसे में दोनों को एकसाथ बिग बॉस में देखा जाना दर्शकों के लिए दिलचस्प साबित हो सकता था। खबरें थीं कि बिग बॉस के नए सीजन में रिया चक्रवर्ती नजर आ सकती हैं। सुशांत मामले में आरोपी के तौर पर देखे जाने के चलते रिया की छवि काफी खराब हुई है, जिसे सुधारने के लिए वह बिग बॉस का सहारा ले सकती हैं। शो के लिए पार्थ समथान का नाम भी चर्चा में था। उनके अलावा अनुषा दांडेकर, दिशा वकानी, दिव्यांका त्रिपाठी-विवेक दहिया, मोहसिन खान दिशा परमार और नेहा मर्दा का नाम भी शो से जुड़ चुका है।

## हर कलाकार का सपना होता है कि वह हर प्लेटफॉर्म पर दर्शकों से जुड़े :रवि भाटिया



अभिनेता रवि भाटिया वर्तमान में वेब सीरीज, शुक्ला द टाइगर में दिखाई दे रहे हैं। वो खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें तीनों माध्यमों टेलीविजन, फिल्मों और ओटीटी में काम करने का अवसर मिला। शुक्ला द टाइगर ने उन्हें ओटीटी पर नए प्रशंसक दिए हैं। अभिनेता दो दिल बंधे एक डोरी से और इश्क सुभान अल्लाह जैसे टेलीविजन शो का हिस्सा रहे हैं, और अब उनके पास पाइपलाइन फिल्म द कन्वर्जन है। अभिनेता ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मैं टीवी स्क्रीन, डिजिटल या बॉलीवुड तीनों प्लेटफॉर्म पर काम करने और अभिनय करने के लिए धन्य महसूस करता हूं। मुझे उनमें से प्रत्येक में अपने दर्शकों से जुड़ने और उनका मनोरंजन करने का अवसर मिला है। मुझे लगता है कि यह हर किसी का सपना है। कलाकार और हम सभी ऐसे अवसरों की तलाश करते हैं रवि की आगामी फिल्म द कन्वर्सेशन, विनोद तिवारी द्वारा निर्देशित है। और इसकी कहानी ट्राएंगल लव पर बेस्ड है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, अभिनेता कहते हैं, यह एक साधारण प्रेम त्रिकोण नहीं है जिसे हमने पहले देखा है, लेकिन मैं अपने दर्शकों को आश्वस्त कर सकता हूं कि वे एक नई कहानी देखने का आनंद लेंगे जो इंडियन लव मैरिज के दौरान होने वाले धार्मिक रूपांतरणों की दुविधा को संवेदनशील रूप से खोजती है इसके अलावा, अभिनेता वेब सीरीज मड़गांव द क्लोज्ड फाइल में भी दिखाई देंगे, जिसमें अनुभवी अभिनेत्री जीनत अमान भी हैं।

# हमारे पास दक्षिण में महान अभिनेत्रियों का एक बैंक है: राशि खन्ना



मूल रूप से तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री राशि खन्ना का मानना है कि दक्षिण में अभिनेत्रियों के लिए भूमिकाएं अब केवल सुंदर होने तक सीमित नहीं रह गया हैं। सुजीत सरकार की 2013 की हिंदी फिल्म मद्रास कैफे से अभिनय की शुरूआत करने के बाद, राशि ने थोली प्रेमा, वेंकी मामा और वर्ल्ड फेमस लवर जैसी तेलुगु फिल्मों से अपनी पहचान बनाई। राशि ने कहा, यह अभी भी पुरुष प्रधान उद्योग है, लेकिन मुझे लगता है कि आने वाली नई तरह की फिल्मों को देखते हुए महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। जब मैंने अपना करियर शुरू किया, तो मैं अपने करियर की शुरूआत ऊहालु गुसागुसालदे से करने के लिए बहुत भाग्यशाली थी, जो एक तेलुगु फिल्म थी। इसने मुझे एक एक्टर के रूप में स्थापित किया, लेकिन उसके बाद जो कुछ भी मुझे मिला वह बहुत ही व्यावसायिक था। थोली प्रेमा एक ऐसी फिल्म थी जिसने मेरे लिए चीजें बदल दीं, क्योंकि लोगों ने कहा कि मैं अभिनय भी कर सकती हूं राशि कहती है, यदि आप तेलुगु फिल्म उद्योग में लंबे समय तक रहना चाहते हैं, तो आपको अनुष्का शेट्टी या सामंथा अक्किनेनी की तरह एक अच्छा एक्टर बनना होगा। ये वे महिलाएं हैं जो दक्षिण में अभिनेत्रियों को देखने के तरीके को बदल रही हैं। पहले आपको सिर्फ सुंदर दिखना था और गानों में अच्छा करना था। अब आपको एक अच्छा एक्टर बनना है और मुझे लगता है कि हमारे पास दक्षिण में भी महान अभिनेत्रियों का एक बैंक है। अभिनेत्री जो जल्द ही नागा चैतन्य के साथ थैंक यू में नजर आएंगी, आगे कहती हैं, सब कुछ बदल रहा है, हर कोई पेन इंडिया और हर कोई अलग अलग भाषाओं में जा रहा है।

# स्वादिष्ट ही नहीं लाभदायक भी है जामुन, जानिए इसके फायदे



मौसमी फलों का सेवन जरूर करना चाहिए। इस वक्त बाजार में आपको आम के अलावा जिस फल की बहार दिखाई देगी वो जामुन है। स्वाद में खट्टा और कसैला लगने वाला छोटा सा जामुन सेहत के लिए गुणों का खजाना है। ये ना केवल डायबिटीज पेशेंट के लिए लाभकारी है बल्कि इसके सेवन से कई और बीमारियों से भी बचाव किया जा सकता है। आज हम आपको जामुन का सेवन करने से सेहत को कौन कौन से फायदे होते हैं ये बताएंगे।

- छोटा सा जामुन दांतों और मसूड़ों के लिए फायदेमंद होता है। ये ना केवल मसूड़ों से निकलने वाले खून को रोकने में मददगार है बल्कि ये मुंह के छालों को भी ठीक करने में कारगर है।
- बहुत ही कम लोग इस बात को जानते होंगे कि जामुन दिल के लिए भी बेहतरीन होता है। करीब 100 ग्राम जामुन में लगभग 55 मिलीग्राम पोटैशियम होता है। ये ना केवल दिल के लिए लाभकारी होता है बल्कि हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में भी आराम दिलाता है।
- जामुन में कई एंटी बैक्टीरियल, एंटी इंफेक्टिव और एंटी मलेरियल गुण होते हैं। जिसकी वजह से ये शरीर को कॉमन इंफेक्शन से बचाने में मदद करता है।
- अगर आप जामुन का सेवन करेंगे तो पेट से संबंधित समस्याएं दूर हो जाती हैं। अगर आप इसकी छाल का काढ़ा बनाकर पिएंगे तो पेट दर्द और अपच जैसी समस्याएं दूर हो जाती हैं।
- शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी जामुन मददगार है। इसका सेवन करने से शरीर में खून की कमी पूरी होती है। इसके साथ ही शरीर में खून का स्तर बढ़ने लगता है।
- अगर किसी व्यक्ति को पथरी की समस्या है तो जामुन की गुठली उसमें असरदार है। पथरी से पीड़ित व्यक्ति को जामुन के पाउडर को दही में मिलाकर खाएं। ऐसा करने से आराम मिलेगा।

## क्या आप जानते हैं बारिश में नहाने के ये जबरदस्त फायदे?



बारिश में नहाने के कई स्वास्थ्य लाभ बताए गए हैं। बारिश के पानी में यदि आप नहाएं, तो घमौरियां दूर होने के साथ-साथ आपका बॉडी टेंपरेचर भी संतुलित बना रह सकता हैं। वैसे भी बारिश के पानी में नहाना किसे पसंद नहीं होता है। लेकिन क्या आपको पता है, कि इस पानी से नहाने से हमें कई तरह की फायदे मिल सकते हैं। अगर नहीं, तो आज हम आपको बारिश के पानी से नहाने के क्या-क्या फायदे मिलते हैं इनके बारे में बताते हैं। बारिश के पानी से नहाने के स्वास्थ्य लाभ...

1. बारिश के मौसम में अक्सर बाल झड़ने की समस्या सुनने को मिलती है। ऐसे में यदि आप बारिश के पानी से नहाएं, तो आपके बाल की गंदगी धुल सकती है। आपके बाल स्वस्थ और हेल्दी हो सकते हैं।
2. बारिश का पानी बेहद हल्का और क्षारीय होता है। इस पानी में दिमाग और शरीर को तरोताजा करने की क्षमता पाई जाती है। यदि आप गर्मी के दिनों में बारिश के पानी से नहाएं, तो आपके शरीर को विटामिन बी12 प्राप्त हो सकती है।
3. गर्मी के दिनों में बारिश में नहाने से हमारे शरीर में हार्मोन संतुलित रहता है। आपको बता दें, कि बारिश के पानी से नहाने से ना केवल हार्मोन संतुलित रहता है, बल्कि कान दर्द की समस्या में भी यह रामबाण की तरह काम करता है।
4. बरसात के मौसम में अक्सर घमौरी, रैशेज और तरह-तरह की त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। आपको बता दें, कि यह सारी समस्या अधिकतर पसीने की वजह से होता है। यदि आप गर्मी के दिनों में बारिश के पानी में नहाएं, तो आपका बॉडी टेंपरेचर सही रहेगा और आप के शरीर में रैशेज निकलने बंद हो जाएंगे।
5. बारिश के पानी में एंडोफार्मिन और सेरोटोनिन जैसे हैप्पीनेस हार्मोन रिलीज होते हैं, जो तनाव को दूर करने में बेहद फायदेमंद होता है।

## वन-टू-वन



# पूर्व प्राचार्य देव सिंह यादव की सुपुत्री डॉ सीमा यादव ने की पी.एच.डी

## पिता देवसिंह यादव बोले मुझे अपनी बेटी और गर्व है

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

लहार विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज की गौरव अनुसूचित जाति शिक्षण संस्थान सिद्धपुरा दबोह की छात्रा पूर्व प्राचार्य देव सिंह यादव की पुत्री डॉ सीमा यादव ने जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से Bechelor of tours and traveling managment एवं दिल्ली से भारतीय यात्रा प्रबंध संस्थान से एम.बीए किया।जिसके उपरांत जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से प्रॉफेसर कुमार रतनम एवं प्रोफ़ेसर आर.ए शर्मा के मार्गदर्शन में पी.एच.डी की उपाधि हासिल की।इस सबंध में डॉ सीमा यादव ने कहा कि मेरी शिक्षा में मेरे आदर्श मेरे पिता का अहम योगदान है।मुझे अपने पिता पर अभिमान है।उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हजारो निर्धन छात्रों को अच्छी शिक्षा देकर कीर्तिमान स्थापित किया है।पिता के सपने को साकार करने के लिये वर्तमान में दिल्ली में शिक्षा अभी लगातार जारी है।मेरी सोच थी ग्वालियर चंबल संभाग में tourism को देखते हुये साहसिक पर्यटन की बेहतर सम्भावनाओ की खोज करना।वही उन्होंने कहा कि ग्वालियर चंबल संभाग का देश भर में प्रसिद्ध शनि मंदिर व उसके पास स्थित मितावली,पढ़ावली की एतिहासिक इमारतें,बटेश्वर के प्राचीन मंदिर,मुरैना का घड़ियाल सेंक्चुरी,शिवपुरी का नेशनल पार्क,दतिया में पीताम्बरा पीठ माई का दरबार,गुना का गोपी कृष्ण सागर डैम,ग्वालियर का किला,जयविलास पैलेस सिहोनियां का शिव मंदिर,चन्देरी अटेर में भदौरिया शासकों के किला,शिवपुरी में छत्रियां सहित पर्यटक स्थल है जिससे हमारा ग्वालियर चंबल संभाग को tourism hub बनाया जा सकता है।जिसको लेकर मैने अध्यन किया और पीएचडी की डिग्री हासिल की।जानकारी के अनुसार डॉ सीमा यादव समूचे लहार विधानसभा क्षेत्र में यादव समाज की पहली एम.बी.ए,पी.एच.डी की उपाधि से सम्मानित है। यहां बताना मुनासिब होगा कि डॉक्टर सीमा के पिता देवसिंह यादव पूर्व प्राचार्य हैं।उन्होंने अपने कार्यकाल में कई गरीब बच्चों को शिक्षा का हक़ निशुल्क दिलाने में उनकी सहायता की है साथ ही वह हँसमुख एवम अपनी कार्यशैली के लिए पहचाने जाते हैं बेटी की इस उपलब्धि पर उन्होंने अपनी बेटी डॉक्टर सीमा यादव की बधाई दिया साथ ही देशभर की सभी बेटियों के नाम सन्देश भी दिया उन्होंने कहा कि बेटियां घर का वो दीपक हैं जो घर मे हमेसा खुशियों का दीपक जलाकर रखती है।उन्होंने उन तमाम माता-पिताओं से अनुरोध किया है जो बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ने से रोकते हैं इसलिए बेटियों को पढ़ने दें और आगे बढ़ने दें।



# खिले उठे चेहरे फिर से एक टूटे परिवार को मिलाया

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाने में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में रविबार को फिर से एक टूटे परिवार को मिलाया गया, क्षेत्राधिकारी जलेसर सुनील कुमार त्यागी की मौजूदगी में रविबार को एक परिवार को मिलाया गया, मामला कोतवाली देहात के कासगंज रॉड भार्गव नगर का है ,जहां भारत सिंह पुत्र ओमकार सिंह का अपनी पत्नी रवीना पुत्री नरदेव निवासी थाना मलावन से विवाद चल था, जिसके चलते पत्नी उसको छोड़कर चली गयी थी, आज दोनो को समझा बुझाकर विदा किया गया, आज की बैठक में महिला थाना प्रभारी कंचन कटियार, इंसपेक्टर रज़िया सुल्तान, काउंसलर अकरम खान, सपना यादव, सचेन्द्र गुप्ता के अलावा महिला थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

# 'कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के उपचार के लिये पीसी सेठी अस्पताल में रहेगी विशेष व्यवस्था:मुख्यमंत्री'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**



इंदौर (दैनिक पुष्पांजली टुडे)। इंदौर के पीसी सेठी शासकीय चिकित्सालय को कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के उपचार के लिये विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शनिवार को इंदौर में एक दिनी प्रवास के दौरान पीसी सेठी शासकीय चिकित्सालय में पहुंचकर तीसरी लहर से पूर्व बनाये गए 20 बिस्तरीय आईसीयू की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौजूद सीएमएचओ व सिविल सर्जन से ऑक्सीजन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अस्पताल में तीसरी लहर की तैयारियों से बचने के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान वे पाँचवी मंजिल से सीढ़ियों के सहारे उतरकर तीसरी मंजिल पर बने नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई का भी अवलोकन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान दूसरी मंजिल पर सीढ़ियों से उतर कर यहां पुराने वार्ड का जीर्णोद्धार कर बनाये गए 30 बिस्तरीय ऑक्सीजन सपोर्टिव बेड की व्यवस्था भी देखी। साथ ही उन्होंने यहां स्टाफ नर्स और अस्पताल के डॉक्टर्स के अनुरोध पर स्टाफ के साथ फोटोसेशन किया। पूरे अस्पताल का अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रदाय एडवांस लाइफ सपोर्टिव एम्बुलेंस का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अस्पताल के प्रांगण में बनाये गए ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया। इस दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़ तथा आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, जीतू जिराती, गौरव रणदिवे, राजेश सोनकर, कलेक्टर मनीष सिंह, राज्य आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ.निशांत खरे और चिकित्सकगण मौजूद थे।

# स्थित नदियों से 30 सितम्बर तक रेत खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा माइनिंग मैनेजमेंट गाइडलाइन 2016 जारी की गई है। जिसके अनुसार वर्षा ऋतु (मानसून सत्र) में नदियों से रेत खनन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नागपुर द्वारा पत्र दि. 18 जनवरी 2016 से म.प्र. में वर्षा ऋतु (मानसून सत्र) की अवधि 15 जून से 01 अक्टूबर 2021 तक निर्धारित की गई है, जिसके परिपेक्ष्य में संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल के आदेशानुसार राज्य स्तरीय पर्यावरण निर्धारण प्राधीकरण (सिया) से पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें जिला स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों के हिसाब से नदियों में रेत खनन पर प्रतिबंध हेतु मानसून की अवधि निर्धारण करने के निर्देश प्राप्त हैं।

### वन विभाग की बड़ी कार्यवाही

# 10 वाहन और 11 आरोपी पकड़े, कमजोर नहीं पड़ रहे माफिया, लगातार कर रहे खनन

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

वन विभाग ने आज बड़ी कार्यवाही करते हुए 10 वाहनों को पकड़ा है। इन वाहनों में कुछ में पत्थर व कुछ में रेत भरा हुआ है। एक बुलेरो पिकअप गाड़ी को अवैध रुप से खनन की गई जड़ी बूटी को ले जाते पकड़ा है। इन वाहनों में दो ट्रेक्टर ट्राली श्योपुर से पकड़ी हैं, बाकी के वाहन मुरैना जिले से पकड़े हैं।

वन विभाग की एसडीओ श्रद्धा पांढ़रे कल रात को वन विभाग के गार्ड व एसएएफ सुरक्षा बल के साथ श्योपुर गई थीं। श्योपुर में उन्होंने दो ट्रेक्टर ट्रालियों को पकड़ा। इनमें अवैध चंबल का रेत भरा हुआ था इसके साथ ही दो रेत माफिया जो वन अमले की रैकी कर रहे थे, उनको मोटरसाइकिल सहित पकड़ा है। उसके बाद वन अमला वीरपुर की तरफ आया। मुरैना लौटते समय नागरमाथा नाम की जड़ी बूटी से भरी बुलेरो पिकअप को पकड़ा। यह जड़ी बूटी चंबल नदी में पाई जाती है। इसका चंबल नदी से अवैध उत्खनन करके शिवपुरी ले जाया जा रहा था। जड़ी बूटी का वजन लगभग दो क्विंटल है *पत्थर से भरी ट्रेक्टर ट्रालियां पकड़ी* जब वन अमला सबलगढ़ की तरफ आ रहा था। तभी ओरछापुरा गांव के पास पत्थर से भरी ट्रेक्टर ट्राली आ रही थी। वन अमले ने उसे पकड़ लिया। उस ट्रेक्टर ट्राली को वन अमले ने रामपुर के थाने में जप्ती के लिए दे दिया है। जब वन टीम सबलगढ़ पहुंची तो सबलगढ़ में अवैध पत्थर से भरी दो ट्रेक्टर ट्रालियां चली आ रही थीं। उन्हें वन अमले ने पकड़ लिया। उन दोनों ट्रेक्टर ट्राली को वन विभाग की रेंज अफसर सुमन खरे को जब्ती में दे दिया गया। इन दोनों ट्रेक्टर ट्राली द्वारा बिना रॉयल्टी के अवैध रुप से जंगल से पत्थर खनन करके लाया जा रहा था *रेत माफिया को पकड़ा* वन अमला जब सबलगढ़ से निकलकर टेटरा गांव की तरफ जा रहा था। उसी वक्त वन अमले का पीछा मोटरसाइकिल पर सवार दो रेत माफिया कर रहे थे। वन अमले को शक हो गया। अमले की गाड़ी में से एसएएफ के जवान उतरे और उन्होंने जब उन रेत माफिया को पकड़ने का प्रयास किया तो उनमें से एक मौके से भाग खड़ा हुआ। अमले ने दूसरे माफिया को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया है। एसएएफ ने जब उसका मोबाइल टटोला तो उसमें कई ऐसे साक्ष्य मिले जो अन्य रेत माफिया से उसके जुड़े होने का सबूत दे रहे थे। मोबाइल में जब कॉल रिकॉर्डिंग निकाली गईं तो उसमें कई माफिया के रेत डलवाने की रिकॉर्डिंग थीं



# महामंत्री स्वामी तेजानंद महाराज के नेतृत्व में सदस्यों को आईडी कार्ड सुपुर्द किये



**पुष्पाजली टुडे**

नारायणलाल सैणचा ब्यूरो चीफ

कोयम्बतुर ~तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन कोयम्बतुर के सदस्यों को प्रदेश सघंठन का आईडी कांड सघंठन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द ने सघंठन के कोयम्बतुर अध्यक्ष गोत्मचन्द कोचर सचिव अनीलकुमार बोहरा को सुपुर्द किया इस कार्यक्रम सघंठन के सेलम प्रभारी घिसुलाल सीरवी ,विनोदकुमार जैन, बाबुलाल सीरवी , सुनील हिगंर ,सेक्रेटरी अनील कुमार बोहरा ,बाबूसिंह, सुनील कुमार,अजय कुमार, अजयकुमार व अन्य सदस्य मोजुद थे।

# मृतका निधि की फाइलफोटो, सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे मृतका के मायके वाले



**पुष्पांजली टुडे**

मऊरानीपुर (झांसी)= विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। आरोप ससुरालीजनों पर दहेज को लेकर हत्या किये जाने का लगा। जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत हो गयी। बताया गया कि उक्त महिला का दाहसंस्कार करने के लिये ससुरालीजन उसे लेकर शमशानघाट पहुंचे, इसी दौरान मायके वालों को इसकी सूचना मिलने पर वह गांव जा पहुंचे। मृतका को मऊरानीपुर अस्पताल लाया गया। धमनापायक निवासी हरपालसिंह पुत्र गंधर्वसिंह ने बताया कि उसकी 29वर्षीय भतीजी निधि की शादी वर्ष 2013 में ग्राम बरमायन थाना ककरबई निवासी के साथ हुयी थी, आज सुबह मायके वालों को जब निधि की मौत की खबर मिली, तो मायके पक्ष के तमाम लोग मऊरानीपुर अस्पताल पहुंचे। मायके वालों ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को ससुराल के लोग पिछले छह वर्ष से नहीं आने दे रहे थे, दहेज में एक लाख रूपये तथा मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। निधि का उत्पीडन कर उसे प्रताडित किया जाता था। ससुरालीजनों ने मिलकर उसकी हत्या की है।

# 'आशा उषा और आशा सहयोगिनी यों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दे सरकार : कल्पना मिश्रा'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड(ब्यूरो)।जिला अस्पताल प्रांगण में पिछले 1 महीने से धरने पर बैठी आशा उषा और आशा सहयोगिनी यों को आज महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कल्पना मिश्रा ने समर्थन पत्र दिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पत्र लिखकर उनकी मांगों को तत्काल निराकरण करने की मांग की इस अवसर पर कल्पना मिश्रा ने कहा की आशा उषा और आशा सहयोगिनी कोरोना काल में अपनी और अपने परिवार की जान जोखिम में डालकर बिना संसाधनों के और बिना कोई पारा श्रमिक लिए घर घर जाकर सेवा की है इसलिए सरकार को उनकी समस्त 6 मांगों को मांग कर उनका सम्मान करना चाहिए उन्होंने कहा कि जल्दी वह प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात करके उनकी मांगों का मांग पत्र सौपेगी मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस उनकी मांगों का समर्थन करती है और आशा करती है उनकी मांगे जल्द पूरी हो इस अवसर पर उनके साथ जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जय श्री राम बघेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम हर्ष सिंह शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, रेखा भदौरिया, स्नेह लता जैन ,अशोक गुप्ता ,राजमणि शर्मा,राहुल कुशवाह चंद्रपाल परिहार, मनोज जैन,महेश जाटव, बलराम जाटव, सतपाल अगरिया, मनीष शिवहरे, दर्शन सिंह तोमर,नानू अरेलेकमलेश जाटव, मोहर सिंह, नीलम भदोरिया, राजू त्रिवेदी, पिंटू शर्मा, हिम्मत सिंह हरिऔध, विनोद जाटव आदि कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# महेन्द्रसिंह राजपुरोहित द्वारा अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने पर संम्मानित पत्र देकर किया स्वागत

**पुष्पाजली टुडे , नारायणलाल सैणचा ब्यूरो चीफ**



.रविवार मैसूरु । केएमपीके चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शहर में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओ में सक्रिय समाजसेवीयों का अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने पर सम्मानित किया गया द्य पर्यावरण जागृती वैदिके के के अध्यक्ष बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि लॉकडाउन के दौरान कोरोना संक्रमण प्रसार के रोकथाम हेतु लोगों के अपने घरों से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी गई द्य ऐसी विकट परिस्थिति में पशु पक्षियों के आगे खाने पीने का संकट उत्पन्न हो गया द्य जानवरों के खाने पीने की व्यवस्था करते हुए गत ढाई माह से कुत्तों के लिए बिस्किट,बंदरों के लिए केले, मूंगफली,चने आदि की व्यवस्था की गई द्य शहर के प्रत्येक मोहल्ला में उचित स्थान का चयन कर समय-समय पर पशु पक्षियों के लिए दाना,चारा सहित विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री खिलाकर पशु पक्षियों के प्राण बचाए गए द्य इस अवसर पर शहर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एचवी राजीव,दशहरा वस्तु प्रदर्शनी मैदान प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमंत कुमार गौड़ा,जयचामाराजा चिड़ियाघर प्राधिकरण के व्यवस्थापक एलआर महादेव स्वामी,जीवधारा रक्तकोष के निदेशक एसई गिरीश,केएमपीके चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विक्रम अयंगर,ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डीटी प्रकाश, शहर विकास प्राधिकरण के सदस्य एमएन नवीन,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डॉ.एस.के.मित्तल,कन्नड़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष वाईडी राजणा सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे द्य मंच का संचालन अजय शास्त्री द्वारा किया गया।

# उपनिरीक्षक सुरेश शर्मा को पदोन्नत कर बनाया गया निरीक्षक

**संवाददाता वृजपाल सीटू सिहं गुर्जर**



मेहगांव थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक सुरेश शर्मा को पदोन्नत कर निरीक्षक बनाया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने तीसरा स्टार लगाकर पदोन्नत किया है।

मेहगांव थाने में पदस्थ सुरेश शर्मा को उनकी अद्भुत कार्यशैली के चलते पुलिस विभाग द्वारा पदोन्नत किया गया इस दौरान उन्हें आगामी आदेश तक किसी थाने का थानाप्रभारी भी बनाया जा सकता है निरीक्षक बनाये जाने पर पुलिस अधिकारियों सहित समाज सेवियों ने सुरेश शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## शहर में चल रहा है सफाई अभियान



नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

भिण्ड(ब्यूरो)।जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के आदेश पर वर्षा को दृष्टिगत रखते हुये शहर के नाले एवं नालियां साफ किये जा रहें हैं, इस ओर विशेष रूप से नगर पालिका अमला सहायक कलेक्टर केवी विवेक के निर्देशन में नगर पालिका टीम द्वारा सफाई अभियान का कार्य नियमित शहरी क्षेत्र में किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 01 बंबा की पुलिया पर सफाई अभियान चलाया गया।

## मऊरानीपुर तमंचा व कारतूस लिये पकडा गया युवक



पुष्पांजली टुडे

मऊरानीपुर (झांसी) ऱ्टोडीफतेहपुर पुलिस ने युवक को तमंचा व कारतूस लिये हुये पकडा। बुढाई निवासी गनपत उर्फ लीलू पुत्र सरदारसिंह को पुलिस ने 315 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस लिये हुये पकडा। आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

### 38वां पुण्य स्मरण, 5 जुलाई 2021 स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक हरिकृष्ण सिंह

# स्वदेश नाम से ही जिन्हें था विशेष प्रेम

रघुवर दयाल गोहिया

भोपाल/सीहोर। सीहोर नगर में अनेक महान विभूतियों ने जन्म लेकर यहां की पावन धरा को कृतार्थ किया है। उन्ही में से एक हैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वरिष्ठ पत्रकार और विधायक रहे स्व. हरिकृष्ण सिंह जिन्हें लोग सम्मान के साथ दद्दा या मंत्रीजी के नाम से भी जानते हैं। उनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित था। स्वदेश नाम से ही उन्हें इतना प्रेम था कि उन्होंने अपने आराकस मोहल्ला स्थित निवास के ऊपर सीमेंट से *स्वदेश भवन* लिखवा रखा था। इसके अलावा उनके द्वारा प्रकाशित *साप्ताहिक सीहोर टाइम्स* के पूर्व स्वदेश नाम से ही उन्होंने घोषणा पत्र दिया था। वह अपने अंतिम समय तक स्वदेशी खादी का कुरता, पायजामा, बंडी, बनियान और गांधी टोपी पहनते रहे। जब वह चूड़ीदार पायजामा, कुरता और शेरवानी पहनने के बाद टोपी लगा लेते थे तो स्थानीय लोगों को उनमें पंडित जवाहरलाल नेहरूजी की छबि नजर आती थी। वह वर्षो तक आर्य समाज के मंत्री रहे इस कारण उन्हें मंत्री जी भी कहा जाता था। सन1934 से 1940 तक सीहोर में आर्य समाज की गतिविधियां अपने चरम पर रहीं जिसमें दद्दा का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने जन सहयोग से आर्य कन्या शाला का संचालन भी किया जो एक बड़ी उपलब्धि थी। देश प्रेम का जज्बा उनमें कूट कूट कर भरा हुआ था। अपने विवाह की मंगल ध्वनियों के बीच सन 40 में राष्ट्र के लिए सत्याग्रह और फिर 5 माह का कारावास..! यह एक ऐसी परीक्षा थी जिसमें कर्तव्य और भावना का अंतर्द्वंद समाहित था। सन 41 में असामाजिक तत्वों के जान लेवा हमले को सहकर भी प्रजा मंडल के शीर्ष पदों पर रहते हुए कार्य करना और भोपाल राज्य की नवाब शाही से टकराना आपकी दृढ़ता और संकल्पित विचार धारा का स्पष्ट उदाहरण है। नवाब शाही के खिलाफ आंदोलन के दौरान सन 1949 में आप पहले ऐसे व्यक्ति थे जिसे जेल में बंदी बनाया गया था। हरिकृष्ण सिंहजी सन 1952 से 1967 मप्र विधानसभा के निर्वाचित सदस्य रहे और कांग्रेस विधायक दल के सचेतक के रूप में अविस्मरणीय कार्य किया। वे कई वर्षों तक कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भी रहे। नवीन मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल का चयन कराने में भी आपका उल्लेखनीय योगदान रहा। उन दिनों आपके नेतृत्व में ही जन प्रतिनिधियों ने राष्ट्र नायक प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से भेंट की थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री प्रकाश चंद्र सेठी के शासन काल में स्वतंत्रता की रजत जयंती पर आपका समारोह पूर्वक आत्मीय अभिनंदन किया गया था। इसके अलावा 20 जून 1981 को *अमर ज्योति क्लब* द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में भी आपका नागरिक अभिनंदन किया गया था। अपनी सादगी के लिए भी सबसे अधिक पहचाने जाते थे। नेहरूजी, इंदिराजी, डॉक्टर शंकर दयाल शर्माजी, प्रकाश चंद्र सेठी, अर्जुन सिंह, अजीत जोगी आदि से उनके घनिष्ठ संबंध थे। इसके बाद भी घमंड ने उन्हें छुआ तक नहीं था। इतने उच्च पदों पर रहते हुए भी वे नगर में अपनी सायकल से अखबार और पत्रिकाओं का वितरण करते थे। नगर के बद्री महल स्थित एक कमरे में जब जिला कांग्रेस का कार्यालय हुआ करता था तब वे जिला अध्यक्ष थे। इसके बावजूद उस कमरे की साफ सफाई खुद ही किया करते थे। उनकी सादगी, आदर्श, सिद्धांत, देश और कांग्रेस के प्रति उनका समपर्ण एक मिसाल है। स्व. दद्दा को उनकी पुण्य तिथि पर सादर नमन...!



### विनम्र श्रद्धांजलि..

चित्र में मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्व. श्री उमराव सिंह, स्व. श्री शंकर दयाल शर्मा और स्व. श्री हरिकृष्ण सिंह।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से आरक्षक की मौत

सड़क दुर्घटना का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रही

उमाकान्त शर्मा भिण्ड

भिण्ड - ऊमरी थाना क्षेत्र के कनावर रोड पर किटी गाँव के पास सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय आरक्षक जितेंद्र सिंह तोमर की मौत हो गई।आरक्षक जब वहाँ से गुजर रहा था तभी अचानक वहाँ अज्ञात वाहन के तेजी से चलाने के कारण बाइक सवार आरक्षक की मोटरसाइकिल डिसबैलेंस होने से बाइक से गिरकर आरक्षक 759 जितेंद्र सिंह तोमर पुत्र बाघसिंह तोमर उम्र 28 नि. ग्राम अमल्हेड़ा थाना अम्बाह जिला मुरैना की मृत्यु हो गई।आरक्षक ऊमरी थाने में पदस्थ था। ये खबर जब मिली तो जिला



पुलिस बल सहित कई हितचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं लोग। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी।एवं शोक संवेदना भी व्यक्त की।

## सापुनी. कोविड-19 वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया

नेनाराम सिरवी पाली/मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी पाली के निर्देशानुसार पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत सोड़ावास के राजस्व गांव सापुनी राजकीय विद्यालय प्रांगण में 3 जुलाई 2021 को 18+आयु वर्ग के लोगों को कोराना टीके लगाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार पाली ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कोरोना वायरस के बढ़ती महामारी को प्रभावी रूप से नियंत्रण करने के लिए अलग-अलग स्थानों पर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



कोराना वैक्सीनेशन शिविर के दौरान 18+ 45+ 65+/प्रथम और दूसरे डोज का टीका लगाया गया सरपंच राधा देवी सिरवी पंचायत प्रशासन ने डोर टू डोर ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण में तेजी लाने के लिए सर्वे करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित कर के टीके लगवाए गए। 110 लोगों को कोरोना वैक्सीन के टीके लगाए गए टीकाकरण शिविर में एएनएम मीनाक्षी वागोरिया ष्द्धश्च मुकेश कुमार मीणा आंगनवाड़ी सहायिका पुष्पा देवी आशा सहयोगिनी मंजू गर्ग प्रधानाध्यापक नारायण लाल वोरा अध्यापक शेल सिंह राठौड़ महेश चंद्र। दुर्ग सिंह खींची भावना के सहयोग से टीकाकरण कार्य संपन्न हुआ।

## अपने ही अपहरण की झूठी कहानी बनाने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

### मामा की बेटी से शादी करने को बनाई थी पूरी योजना, बागवाला पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

एटा। शुक्रबार को सुखवीर सिंह पुत्र चिरौजीलाल निवासी ग्राम नगमई थाना बागवाला ने सूचना दी कि गुरुबार को शाम उसके लड़के विजय फोन करके बताया कि पप्पू पुत्र सोन सिंह निवासी नगमई थाना मलाबन ने उसकी पकड़ कर ली है, और अपने साथ ले जा रहा है इस सूचना पर थाना हाजा पर थाना बागवाला पप्पू पुत्र सोन सिंह उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया




रविबार को उ0नि0 किशोरीलाल मीना मय हमराही फोर्स के अपहृत विजय कुमार की सुरागरसी पतारसी में धूमरी की तरफ से बागवाला की तरफ आ रहे थे तो नगला रंजीत से पहले बांयी तरफ बने मन्दिर के पीछे बने बरामदे से अपहृत विजय कुमार पुत्र सुखवीर सिंह नि0 नगमई थाना बागवाला तको समय 7 बजे सुबह बरामद किया गया।

अपहृत विजय कुमार से थाना लाकर पूछताछ की गयी तो बताया कि मैं मामा की छोटी बेटी से प्यार करता हूँ, उसकी बड़ी बहन उसकी शादी कालू उर्फ रतनेश पुत्र सुरेश निवासी नगमई थाना मलावन से कराना चाहती थी, इस वजह से मेरा कालू उर्फ रतनेश से मनमुटाव हो गया था, मुझे लगा कि अब कालू उर्फ रतनेश मेरी शादी नहीं होने देगा तो मैंने कालू और मामा की लड़की को मामा की बड़ी लड़की के घर में आपत्तिजनक अवस्था में देख लिया ये बात मैंने गाँव मे आकर बतायी तो पप्पू उर्फ रामवीरेश व सर्वेश ने मुझे उल्टा ही डांट दिया, मै बहुत डर गया था दोनों के परिवार वाले मुझसे नाराज हो गये तो मैंने पप्पू के परिवार वालों को सबक सिखाने के लिये अपने अपहरण की झूठी योजना बनायी, मैंने सोचा कि मैं रामवीरेश उर्फ पप्पू व कालू उर्फ रतनेश के खिलाफ झूठा मुकदमा अपहरण का लिखाकर जेल भिजवा दूँगा तो मेरी शादी मामा की बेटी से हो जायेगी। तथाकथित अपहृत से पूछताछ के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## आजना पटेल समाज के युवा समाजसेवी हरि भाई पटेल ने पाली विधायक का किया सम्मान

नेनाराम सिरवी पाली / पाली विधायक को विधानसभा की प्राक्कलन समिति में महत्वपूर्ण स्थान मिलने पर पटेल ने किया स्वागत ।

जन जन के लाडले पाली विधायक ज्ञानचन्द पारख ने कोराना काल के चलते पाली विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के अलग-अलग स्थानों पर कोराना के प्रति जन जागरूक अभियान के तहत आमजन को जागरूक करके कोराना काल के चलते उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले पाली विधायक ने अपना सर्वाधिक समय शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के लिए हर संभव पूरा प्रयास किया । विधानसभा अध्यक्ष पैनल के सदस्य पाली सम्राट एवं विधायक ज्ञानचन्द पारख को विधानसभा की प्राक्कलन समिति में महत्वपूर्ण स्थान मिलने पर उनके निवास स्थान पर भाजपा नेता हरिभाई पटेल रूपावास द्धारा माला व साफा पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर जोरदार स्वागत किया गया। अपनी नेक छवी को देखकर पाली विधानसभा क्षेत्र की जनता ने लगातार अपने लोग लाडले विधायक को हमेशा हमेशा के लिए राजस्थान विधानसभा भेजने में सफल साबित हुए। इस मौके पर पुर्व छात्रसंग अध्यक्ष पायल पटेल , पुर्व पार्षद पुष्पा बंजारा, ओमाराम मालवी, राजु भाई बिठु, रतनाराम पटेल, भुराराम मुकनपुरा, डुंगर हटेला, भंवर बंजारा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



## पिछोर बीजेपी कार्यालय में बीजेपी कार्यकर्ताओं की मुख्य बैठक हुई



राकेश परिहार रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ पिछोर

आज बीजेपी कार्यालय में बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा ली गई बैठक जिसमें तीसरी लहर के संदर्भ में चर्चा की गई जहां पर कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव रखे और कहां तीसरी लहर के लिए सदैव हम बीजेपी कार्यकर्ता जनहित देश हित के लिए तैयार रहेंगे जिससे देश में फिर से कोरोना जैसी महामारी ना आ सके और कहां मास्क गाइडलाइन का उपयोग हम सभी का दायित्व है और हम अपनी जिम्मेदारी को बखूबी से निभाए जिससे ऐसी महामारी हमारे बीच नहीं आए बैठक में उपस्थित रहे महामंत्री मुकेश पंसारी पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी लोधी पूर्व मंडल अध्यक्ष महामंत्री रंजीत अरोरा मंडल उपाध्यक्ष संजीव राजोरिया केपी कुशवाहा मंडल मंत्री बलराम लोधी एवं रंगीला खटीक जीतू पाराशर रही कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री करण सिंह लोधी अध्यक्ष राहुल लोधी द्वारा किया गया।

भोपाल सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने दी चेतावनी

## फिल्म सत्यनारायण की कथा का नाम बदलें डायरेक्टर

भोपाल। भोपाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने फिल्म%सत्यनारायण की कथा का नाम बदलने के लिए डायरेक्टर साजिद नाडियाडवाला को चेतावनी दी है। साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि ये लोग हिंदुओं के देवी देवताओं के नाम या कथाओं को तोड़मरोड़ के पेश करते हैं। हिन्दू आपसे आवेदन और निवेदन करता हैं, दूसरे धर्मों के बारे में आप बोलेंगे तो वो आपको जिंदा ही नही छोड़ेंगे। सनातन धर्म की संस्कृति है कि हम किसी को कष्ट नहीं देंगे, लेकिन कष्ट देते ही रहोगे तो उसको छोड़ेंगे भी नहीं। भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने लव जिहाद को लेकर कहा- कही न कही परिवार और सामाजिक अनुशासन में कमी हो रही है, जिसके चलते ऐसे प्रकरण बढ़ रहे हैं। ये हमारे लिए शर्मनाक है कि लड़की सुरक्षित नहीं है। देवास के बाद धार जिले में महिला के साथ हुई बर्बरता पर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए सांसद बोलीं- 15 महीने सरकार चलाने वाले लोग कुछ भी कहने के लायक नहीं हैं।

### तलाक के बाद आमिर-किरण का वीडियो मैसेज

## एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए, फैंस से कहा- रिश्ता बदला, पर परिवार आज भी एक ही है

तलाक के एक दिन बाद आमिर खान (56) और किरण राव (47) ने रविवार के अपने फैंस के लिए एक वीडियो मैसेज शेयर किया है। कपल ने वीडियो में अपने अलगाव के बारे में बात की। वीडियो में वे एक-दूसरे का हाथ पकड़े नजर आए। दोनों ने कहा कि वे अभी भी एक ही परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि भले ही उनका रिश्ता बदल गया हो, फिर भी वे एक-दूसरे के साथ बने रहेंगे।

आमिर और किरण ने 28 दिसंबर 2005 को शादी की थी। 15 साल बाद 3 जुलाई 2021 को दोनों ने अलगाव की घोषणा की। इस तलाक पर आमिर और किरण ने साझा बयान जारी किया था। कहा था कि इसे अंत नहीं, बल्कि नए सफर की शुरुआत की तरह देखें।



### पानी फाउंडेशन हमारे लिए बेटे आजाद जैसा

वीडियो में आमिर कह रहे हैं- आप लोगों को दुख भी हुआ होगा, अच्छा नहीं लगा होगा, शॉक लगा होगा। हम बस इतना आपको कहना चाहते हैं कि हम दोनों बहुत खुश हैं और हम एक ही परिवार हैं। हमारे रिश्ते में बदलाव आया है। लेकिन हम लोग एक-दूसरे के साथ ही हैं, तो आप लोग ऐसा कभी मत सोचिएगा। पानी फाउंडेशन हमारे लिए बच्चे आजाद की तरह ही है।

किरण और आमिर का एक बेटा है आजाद। उनकी उम्र 10 साल का है। उनका जन्म सरोगेसी से हुआ था। किरण को कंसीव करने में दिक्कत होने की वजह से सरोगेसी का फैसला लिया गया था जिसके बाद 2011 में आजाद का जन्म हुआ।

### 16 साल चली थी पहली शादी

आमिर खान की पहली शादी रीना दत्ता से हुई थी। आमिर जब फिल्म क़यामत से क़यामत तक की शूटिंग कर रहे थे, तभी उन्होंने रीना से शादी कर ली थी। 18 अप्रैल 1986 को हुई शादी करीब 16 साल तक चली थी। 2002 में इनका तलाक हो गया था। कपल के दो बच्चे (बेटा जुनैद और बेटी आइरा) हैं, जो अब रीना के साथ रहते हैं।

## नैनो न्यूज



### बजरंग भक्त मंडल ने की 1650 किलो हरे चारे की सेवा

**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मंडल द्वारा प्रति सप्ताह की जाने वाली गौभोग सेवा के क्रम में आज प्रातः 9 बजे गौसेवकों के सहयोग से मार्क हॉस्पिटल,गोला का मंदिर स्तिथ गौशाला में कुल 1650 किलो हरे चारे की सेवा गौसेवकों के सहयोग से बजरंग भक्त मंडल द्वारा की गई। बजरंग भक्त मंडल द्वारा समस्त शहरवासियों से पॉलीथिन उपयोग न करने की अपील की है जिससे गौवंश पॉलीथिन खा कर असमय मृत्यु को प्राप्त न हो।आज की सेवा में मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव मुकेश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा,कार्यकारिणी सदस्य अमन गर्ग, गोपाल गुप्ता , नवल कुशवाहा, अशोक अग्रवाल ,श्रीमती गीता शर्मा , विजय, धीरज , शैलू आदि सदस्य मौजूद थे

### ग्वालियर में आज लगेगा कोवैक्सीन एवं कोविशील्ड टीके का द्वितीय डोज

**ग्वालियर।** कोविड-19 के लिए चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान के तहत 5 जुलाई को कोवैक्सीन एवं कोविशील्ड टीके का द्वितीय डोज जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों पर लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि आज सोमवार को ग्वालियर में 75 टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड-19 से बचाव हेतु केवल कोवैक्सीन एवं कोविशील्ड टीके का द्वितीय डोज लगाया जायेगा। ग्वालियर शहर में 30 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये हैं । शासन की गाईडलाईन के अनुसार कोवैक्सीन का दूसरा डोज 28 दिन बाद तथा कोविशील्ड वैक्सीन दूसरा डोज 84 दिन बाद लगेगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर डॉ. मनीष शर्मा ने आमजन से अपील की है कि कोरौना महामारी से हम सभी कोरौना वैक्सीन लगवाकर ही बच सकते हैं इसलिये हम सभी को कोरौना से बचाव के लिये कोविड वैक्सीन टीका के दोनों डोज लगवाना आवश्यक है, हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि हमारे परिवार में 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी सदस्य बिना वैक्सीन के न रहे।

### करंट लगने से हलवाई की मौत

**ग्वालियर।** शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र में स्थित साईं बाबा मंदिर के पास हलवाई का काम करने वाले युवक को मिक्सर से करंट लगा और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार गिरवाई थाना क्षेत्र के गिरवाई पहाड़ी निवासी राजपाल बघेल 30 वर्ष बड़ा थाना क्षेत्र में साईं बाबा मंदिर के पास एक दुकान पर हलवाई का काम करता था बीते रोज वह दुकान पर काम कर रहा था तभी मिक्सर से उसे करंट लगा और वह बेहोश हो गया। दुकान के लोग उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आक्रोशित परिजनों ने युवक का शव रखकर किया चक्काजाम

**ग्वालियर।** शहर के पड़ाव थाना क्षेत्र में डफरन सराय स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में सफाईकर्मी शनिवार की रात को फांसी पर लटका मिला था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि मृतक सूदखोर के साथ नगर निगम के बाबू आशोक से भी प्रताड़ित था। आक्रोशित परिजनों न ने पड़ाव चौराहे पर युवक के शव को रखकर चक्काजाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस व नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंच गए । जानकारी के अनुसार शब्द प्रताप आश्रम के पास रामपुरी मोहल्ले में रहने वाले आकाश पुत्र जगदीश करोसिया का शव शनिवार की रात को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 6 में फांसी पर लटका मिला था। पड़ाव थाना पुलिस ने रविवार की सुबह युवक के शव डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद परिजन को सौंप दिया। युवक के शव को घर ले जाने की जगह पड़ाव चौराहे पर लेकर पहुंच गए। जहां परिजनों ने शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने मामले की जांच का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

# नगर पंचायत प्रांगण में हुई व्यापारी मण्डल की बैठक संपन्न

### कोरोना से बचाव के लिये व्यापारियों ने दिये सुझाव

### मास्स लगाने के साथ दो गज दूरी और दुकानों पर भीड़ जमा होने दें: सीएमओ





**भितरवार ।** कोरोना की दूसरी लहर के बाद शासन तीसरी लहर से बचने के लिए पहले से ही सतर्कता बरत रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय पर नवयुवक व्यापारी मंडल भितरवार की एक आवश्यक बैठक रखी गई, जिसमें प्रभारी सीएमओ दिनेश श्रीवास्तव, व्यापारी मण्डल अध्यक्ष प्रदीप गोयल, संरक्षण सुरजीत यादव, सचिव बाली मोदी,उपाध्यक्ष मनोज गौड़ मंच पर उपस्थित थे। प्रभारी सीएमओ श्री वास्तव ने बैठक में शासन की मंशा के अनुसार कोरोना गाइडलाइन लागू करने पर व्यापारी मण्डल से सुझाव मांगे और कौन-कौन से उपाय जरूरी हैं उस पर विस्तार से बताया। व्यापारियों ने जो सुझाव दिये उन पर अमल करने आश्वासन सीएमओ ने दिया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि मास्स नहीं लगाने पर दुकानदार और ग्राहक दोनों पर दण्ड लगेगा। दुकान में ग्राहकों की भीड़ न हो ।इस अवसर पर अध्यक्ष प्रदीप गोयल, सचिव बाली मोदी सहित अनेक व्यापारियों ने सुझाव दिये। सीएमओ ने सभी व्यापारियों का उपस्थित पर आभार माना । इस अवसर पर बैठक में दिनेश श्री वास्तव (प्रभारी सीएमओ)प्रदीप गोयल (अध्यक्ष) बाली मोदी (सचिव) सुरजीत यादव (संरक्षक) मनोज गौड़ (उपाध्यक्ष) कल्लू जैन(संगठन मंत्री) रवि रजक (प्रचार मंत्री) रामकिशोर सेन (सह संगठन मंत्री) बीरबल पवैया, बिक्रम रावत, महेंद्र यादव, शांतीलाल जैन, सतेन्द्र यादव, जुगल प्रजापति, हरिमोहन सोनी, सतेन्द्र जैन,शुभम जैन,आकाश बंसल,बच्चू सिंह राणा, जीतू प्रजापति, दामोदर जैन आदि उपस्थित थे

# नर्सों को मिला विधायक का साथ

### समर्थन देकर विधायक पाठक बोले- सरकार को शर्म आना चाहिए मेरी बहनों को धरना देना पड़ रहा है



**ग्वालियर।** प्रदेश के साथ ग्वालियर में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठीं नर्सेस को रविवार को कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक का समर्थन मिला है। विधायक पाठक दोपहर में छ्व॥ में चल रहे धरना प्रदर्शन में पहुंचे और नर्सेस संगठन से चर्चा की। वह 6 जुलाई को नर्सेस संगठन के साथ भोपाल जाएंगे और वहां सरकार और मंत्री से बात करेंगे। इस दौरान विधायक पाठक ने कड़े शब्दों में कहा है कि सरकार को शर्म आना चाहिए। इन देवी स्वरूप नर्सेस बहनों को धरना देना पड़ रहा है। प्रभु कभी माफ नहीं करेगा। साथ ही कहा है कि मेरी बहनों हिम्मत नहीं हारना। आपकी आवाज बनकर मैं आपकी लड़ाई ग्वालियर से भोपाल तक लड़ूंगा। पूरे प्रदेश में नर्सेस संगठन के आवहान पर नर्सेस अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ग्वालियर में भी 30 जून से लगातार नर्सेस एसोसिएशन के बैनर तले सभी नर्सें एकजुट होकर अपनी मांगों पर धरना प्रदर्शन कर रही हैं। लगातार प्रशासन उनसे बात करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है। 6 जुलाई को भोपाल में स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने नर्सेस एसोसिएशन को पदाधिकारियों को मिलने बुलाया है। इसी बीच रविवार को ग्वालियर में दक्षिण विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक प्रवीण पाठक जयारोग्य अस्पताल में पहुंचे हैं। विधायक पाठक ने नर्सेस बहनों के संघर्ष में उनके साथ होने की बात कही है। साथ ही उनकी मांगों को जायज कहते हुए समर्थन दिया है।

**मांगे आसमानी नहीं धरातल की है पूरी करो:** विधायक पाठक ने नर्सेस के धरना को समर्थन देते हुए कहा कि मैं कंधे से कंधा मिलाकर आप लोगों के साथ खड़ा रहूंगा और समर्थन करूंगा। मेरा सरकार से आग्रह है कि कोरोना संकट के समय अपनी जान की परवाह किए बिना मानव सेवा करने वालीं नर्सेस की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें और प्रदेश भर की नर्सेस स्टाफ के सम्मान का ध्यान रख कर उनकी मांगे मानी जाएं, क्योंकि जितनी भी मांगे की जा रही हैं वे आसमानी नहीं हैं धरातल पर आवश्यकता अनुसार हैं।

**शर्म करो सरकार:** विधायक पाठक ने कहा कि जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना निस्वार्थ भाव से सेवा की है, अब सरकार की ज़िम्मेदारी है कि उनकी मांगे पूरी की जाएं। विधायक पाठक ने कहा कि यदि सरकार मांगे नहीं मानेगी तो मैं स्वयं अपने विधायक साथियों के साथ सरकार के ज़िम्मेदार लोगों से बात करूंगा । सरकार को शर्म आना चाहिए कि दैवीय स्वरूपों को अभी धरना देना पड़ रहा है ।

**यह हैं नर्सेस की मांगे:** प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, जिला चिकित्सालय, सभी प्रशासनिक अधिकारियों से यह अपेक्षा की है कि नर्सेस की मांगों को एक मंच पर लाकर उनका निराकरण कराने के लिए पहल करें। नर्सेस की मांगे इस प्रकार हैं। उच्च स्तरीय वेतनमान अन्य राज्यों की तरह मध्य प्रदेश में कार्यरत समस्त नर्सेस को दिया जाए।पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। करोना काल में जान गंवाने वाली नर्सेस स्टाफ के परिजन को राष्ट्रीय पर्व पर कोरोना योद्धा अवार्ड से सम्मानित किया जाए। कोविड ड्यूटी में जान गंवाने वाली नर्सेस के परिवार के किसी एक सदस्य को अनुकम्पा नियुक्ति दी जाए। कोरोना काल में शासन स्तर पर जितनी भी घोषणाएं की गई हैं उन पर अमल नहीं किया गया, उन पर अमल किया जाए। कोविड में नर्सेज को सम्मानित करते हुए दो वेतन वृद्धि का लाभ उनकी सैलरी में दिया जाए।

### हाईकोर्ट में नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई को

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नईदिल्ली के निर्देशानुसार एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री शील नागू प्रशासनिक न्यायाधिपति व को-चेयरमेन उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर के मार्गदर्शन में शनिवार 10 जुलाई को उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री विमल प्रकाश ने बताया कि इस लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, निगोशिएबल इंस्टूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउंस प्रकरण, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना क्लेम अपील, श्रम प्रकरण, विद्युत एवं जल बिल, वैवाहिक प्रकरण, भू-अधिग्रहण, सर्विस व सेवानिवृत्ति स्वत्व भुगतान संबंधी रिट पिटीशन, सिविल प्रकरण एवं राजस्व प्रकरण सहित अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जाएगा।

# बाबा के दर्शन को जा रहे थे, पहुंच गए हॉस्पिटल



**ग्वालियर।** ग्वालियर में भगवान के भजन गाते हुए कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर मुरैना के लिए निकले थे। यहां जौरा में कालेदेव बाबा के दर्शन सभी को करना था। आरोन रोड घाटीगांव में ट्रैक्टर-ट्रॉली कच्चे रास्ते से हाइवे पर चढ़ते समय अचानक अनियंत्रित हो गई। गाड़ी को आगे बढ़ाने स्पीड बढ़ाई तो ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर है।

करहिया के रिछारी कलां निवासी रामवीर सिंह और परिवार-गांव के करीब 20 से 25 महिला, पुरुष, बच्चे रविवार सुबह जौरा स्थित कालेदेव बाबा के दर्शन के लिए निकले थे। सभी लोग किराए से ट्रैक्टर-ट्रॉली करके जौरा के लिए निकले थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर घाटीगांव के आरोन रोड पर पहुंचे ही थे, तभी कच्चे रास्ते से हाइवे पर चढ़ते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे कोई नहीं दबा। पलटने से गिरने के दौरान बच्चे, महिला सहित 12 लोग घायल हो गए हैं। जिनमें दो की हालत गंभीर है।

**आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बचाई जान:** हादसे के बाद घायल महिलाएं-बच्चों की आवाज सुनकर आसपास से निकल रहे लोगों ने वाहनों को रोककर बचाव कार्य शुरू किया। साथ ही, छ्व्रु 100 को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, लोगों ने घायलों को बाहर निकाल लिया था। पुलिस ने थाना मोबाइल व एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर घायलों की पहचान रामवीर और उदयवीर के रूप में हुई है।

# एकतरफा प्यार में दे रहा धमकी: पोर्न वीडियो भेजकर करता है अश्लील चैट



**ग्वालियर।** ग्वालियर में सिरफिरे आशिक के कारण महिला ने घर से निकलना तक बंद कर दिया है। मनचला महिला के मोबाइल पर पोर्न वीडियो भेजता है फिर कुछ देर बाद कॉल कर पूछता है कैसी लगी। महिला विरोध करती है, तो धमकी देता है कि बात नहीं मानी, तो एसिड फेंक कर चेहरा बिगाड़ दूंगा। यही नहीं, आरोपी लगातार कॉल कर परेशान कर रहा है। धमकी से महिला इतना डर गई, घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया। महिला ने उसका एक नंबर ब्लैक लिस्ट किया, तो दूसरे नंबरों से कॉल करने लगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ स्नद्धक्रदर्ज कर ली है। बहोड़ापुर किशनबाग कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय महिला शादीशुदा है। शादी को अभी कुछ ही साल हुए हैं। महिला ने रविवार को बहोड़ापुर थाने पहुंचकर शिकायत की है, कोई मनचला उसे परेशान कर रहा है। महिला ने बताया, उसे अनजान नंबर से पोर्न वीडियो, पोर्न फोटो आते हैं। इसके बाद मैसेज आते हैं, जिसमें वीडियो भेजने वाला अश्लील तरीके से बात करता है। जब मैसेज का जवाब नहीं देती, तो कॉल आता है। कॉल करने वाला जबरदस्ती बातचीत करता है। नंबर ब्लैकलिस्ट किया, तो दूसरे नंबर से कॉल करता है।

**धमकी दी, एसिड से तेरा हसीन चेहरा बिगाड़ दूंगा:** थाने पहुंची महिला ने पुलिस को बताया, आरोपी अपना नाम राहुल राठौर निवासी किशनबाग बता रहा है। उसका मोबाइल नंबर भी ट्रू कॉलर पर इसी नाम से दिखा रहा है। जब महिला ने उसे समझाना चाहा, तो गाली-गलौज करने लगा। साथ ही, एसिड फेंक कर चेहरा ही बिगाड़ने की धमकी दी।

**महिला बोली- पागल है, कुछ भी कर सकता है:** थाने पहुंची महिला ने शिकायत के बाद कहा कि आरोपी पागल है, वह कुछ भी कर सकता है। धमकी के बाद महिला ने घर से निकलना तक बंद कर दिया है। उसे डर है, सिरफिरा कोई ऐसी हरकत न कर जाए, जिससे जिंदगी बर्बाद हो जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।









स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478